RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

द अचीवर टाइम्स

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 262
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, मंगलवार, 16 जनवरी, 2024

एक दिन में बन रहीं तीन से चार राम धुनें

1900 राम भजनों को व्हाट्सएप पर भेजने की तैयारी में भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। कई भजन गायकों ने अयोध्या राम मंदिर को लेकर भजन तैयार किए हैं, जो काफी प्रसिद्ध हो रहे हैं। बीते 40 दिनों में स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं में 1900 से ज्यादा भजन तैयार हो चुके हैं। अब भाजपा ने इन भजनों को व्हाट्सएप के जरिए सीधे राम भक्तों के मोबाइल फोन पर भेजने की तैयारी कर रही है...

अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार है। 22 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस शुभ अवसर को लेकर हर कोई उत्साहित है। कई भजन गायकों ने अयोध्या राम मंदिर को लेकर भजन तैयार किए हैं, जो काफी प्रसिद्ध हो रहे हैं। बीते 40 दिनों में स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं में 1900 से ज्यादा भजन तैयार हो चुके हैं। अब भाजपा ने इन भजनों को व्हाट्सएप के जरिए सीधे राम भक्तों के मोबाइल फोन पर भेजने की तैयारी कर रही है। भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार भजनों को स्थानीय स्तर के वाद्ययंत्र, शूटिंग के परिवेश और ग्रामीण या ब्लॉक स्तर के लोक गायकों की आवाज में रिकॉर्ड किया गया है। एल्गोरिदम की मदद से राम भजन को संबंधित भाषा बोलने समझने वालों के साथ साझा किया जाएगा। कुछ चुनिंदा राम भजनों को वाद्य धुनों में तब्दील भी किया जा रहा है। इनका उपयोग कॉलर ट्यून के रूप में करने की तैयारी है। भजनों को वयस्कों के साथ ही बच्चों की आवाज में भी रिकॉर्ड किया गया है।

राम से जुड़े गीतों और नारों ने हाल के दिनों में इंटरनेट पर लोगों का काफी ध्यान खींचा है। इसकी शुरुआत 1990 के दशक में कारसेवकों द्वारा रामलला हम आएंगे (रामलला, हम आएंगे) और मंदिर वहीं बनाएंगे (मंदिर यहीं बनाएंगे) के अधिक मुखर नारों के साथ हुई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अभियानों में जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे (जो भी राम मंदिर बनायेगा, उसे वोट दिया जाएगा) जैसे नारों के साथ यह राजनीतिक हो गया। और अब, मधुर राम आएंगे, ये सब गाने खुब वायरल हो रहे हैं।

दिल्ली, मुंबई समेत कई शहरों के छोटे-छोटे स्टूडियो में कलाकार भगवान राम के गीत-भजन तैयार कर रहे हैं। आधुनिक कंप्यूटर माड्यूलेशन के साथ कलाकार गीतों में जान फूंक रहे हैं। हर दिन 3 से 4 गाने तैयार किए जा रहे हैं, क्योंकि अचानक इन गीतों की मांग बढ़ गई है और हर कोई भगवान राम के नाम पर गीत या भजन तैयार करना चाहता है। ये राम भजन और राम धुनें छोटी-छोटी गलियों के छोटे-छोटे स्टूडियो में तैयार किए जा रहे हैं।

मंदिर में स्थापित होगी योगीराज की प्रतिमा

रोज 18 घंटे काम कर सात माह में गढ़ी

एजेंसी

अयोध्या। कर्नाटक के मशहूर मूर्तिकार अरुण योगीराज की मूर्ति रामलला के दरबार में विराजेगी। अरुण रोजाना 18 घंटे काम करते थे, करीब सात महीने में उन्होंने रामलला की अचल मूर्ति गढ़ी है। रोजाना काम शुरू करने से पहले राम जी की आरती-पूजा व हनुमान चालीसा का पाठ करते थे। 15-15 दिन तक परिवार से बात नहीं करते थे। सात महीने के कठिन परिश्रम ने अरुण योगीराज का मान आज पूरे विश्व में बढ़ा दिया है। अरुण योगीराज मूलतः कर्नाटक के मैसूर से हैं। उनके परिवार में एक से बढ़कर एक मूर्तिकार रहे हैं। उनकी पांच पीढ़ियां मूर्ति बनाने या तराशने का काम कर रही हैं। अरुण योगीराज के दादा बसवन्ना शिल्पी भी जाने-माने मूर्तिकार थे। उन्हें मैसूर के राजा का संरक्षण हासिल था।अरुण को बचपन से ही मूर्ति बनाने का शौक था। अरुण ने एमबीए किया है। इसके बाद वो एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगे, लेकिन मूर्तिकला को नहीं भूल पाए। आखिरकार साल 2008 में जॉब छोड़कर उन्होंने मूर्तिकला में कॅरियर बनाने का रिस्क लिया। उनका रिस्क सफल रहा। वे देश के जाने माने मूर्तिकार बन गए।

चयनित मूर्ति की 9 विशेषताएं

- श्याम शिला की आयु हजारों साल होती है, यह जल रोधी होती है।
- चंदन, रोली आदि लगाने से मूर्ति की चमक प्रभावित नहीं होगी।
- पैर की अंगुली से ललाट तक रामलला की मूर्ति की कुल ऊंचाई 51 इंच है।
- चयनित मूर्ति का वजन करीब 150 से 200 किलो है।
- मूर्ति के ऊपर मुकुट व आभामंडल होगा।
- श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हैं।
- मस्तक सुंदर, आंखे बड़ी और ललाट भव्य है।
- कमल दल पर खड़ी मुद्रा में मूर्ति, हाथ में तीर व धनुष होगा।
- मूर्ति में पांच साल के बच्चे की बाल सुलभ कोमलता झलकेगी।

पहले ये मूर्तियां बना चुके हैं योगीराज

- केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा
- मैसूर में स्वामी रामकृष्ण परमहंस की प्रतिमा
- मैसूर के राजा की 14 5 फीट ऊंची सफेद अमृत शिला प्रतिमा
- मैसूर के चुंचनकट्टे में हनुमान जी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा
- संविधान निर्माता डॉ बीआर आंबेडकर की 15 फीट ऊंची प्रतिमा

इंदौर का जालसाज सीएम का करीबी बता कर ट्रांसफर और पोस्टिंग कराने के नाम पर कर रहा था ठगी

भोपाल। राजधानी भोपाल की क्राइम ब्रांच ने इदौर निवासी एक बड़े जालसाज को पकड़ा है। आरोपी खुद को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का करीबी बताकर एक आला पुलिस अधिकारी को परिवहन आयुक्त बनवाने, आधा दर्जन लोगों को नौकरी और ट्रांसफर की डील कर रहा था। यहीं नहीं जालसाज भोपाल की 59 एकड़ विवादित जमीन का राजस्व विभाग से कब्जा दिलाने की भी डील कर रह था। जमीन का वर्तमान बाजार मूल्य करीब 300 करोड़ आंका जा रहा है। क्राइम ब्रांच आरोपी से पूछताछ कर रही है। मुख्यमंत्री के विंध्य कोठी में तैनात स्पेशल ब्रांच के पुलिस अधिकारियों को आरोपी की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर भोपाल क्राइम ब्रांच को सूचना दी। इसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। जालसाज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भी खास होने की बात कर रहा है। उसका कहना है कि तीन दिसंबर को भाजपा की जीत के बाद वह अपनी टीम के साथ भोपाल आया और डॉ. मोहन यादव के भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद वह खुद को उनका करीबी बताने लगा।

एक नज़र

ईडी ने पंजाब के पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत को किया गिरफ्तार, जानें पूरा मामला

चंडीगढ़। कांग्रेस सरकार में वन मंत्री मंत्री रहे साधु सिंह धर्मसोत को सोमवार शाम को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वन घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार कर लिया। ईडी की टीम ने धर्मसोत को जांच के लिए बुलाया था और पूछताछ के दौरान वह स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाए तो ईडी की टीम ने उनको गिरफ्तार कर लिया। 30 नवंबर को ईडी ने पंजाब सरकार के दो पूर्व मंत्रियों साधु सिंह धर्मसोत और संगत सिंह गिलजियां समेत कई अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। इससे पहले भी साधू सिंह धर्मसोत को बुलाया गया था, लेकिन ईडी के अधिकारियों के पास पुख्ता प्रमाण नहीं थे। सोमवार को जब जालंधर कार्यालय बुलाया गया तो ईडी के अधिकारियों ने पुख्ता प्रमाण आगे रखकर साधु सिंह से बात की, जिसका वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। 2023 की शुरुआत में पांच बार के विधायक धर्मसोत पर आय से अधिक संपत्ति रखने के कथित मामले में पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने दो भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल नवंबर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के साथ ईडी की एक टीम ने होशियारपुर जिले के टांडा सब डिवीजन में गिलजियां के पैतृक गांव स्थित घर पर छापा मारा था। वन विभाग के ठेकेदार हरमिंदर सिंह ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 के तहत दर्ज एक बयान में कहा था कि उसने खैर के पेड़ काटने के लिए धर्मसोत को प्रति पेड़ 500 रुपये कमीशन का भुगतान किया था। उन्होंने अक्तूबर-मार्च सीजन के लिए लगभग सात हजार पेड़ों को काटने के लिए परमिट प्राप्त किया, जिसके लिए उन्होंने प्रति पेड़ एक हजार रुपये की कमीशन रिश्वत के रूप में दी थी, जिसमें धर्मसोत को 500 रुपये, जिला वन अधिकारी (डीएफओ) को 200 और रेंज को प्रत्येक को 100 रुपये शामिल थे। धर्मसोत को डीएफओ के ट्रांसफर के लिए 10 लाख से 20 लाख रुपये, फॉरेस्ट रेंजर के लिए पांच लाख से लेकर आठ लाख, ब्लॉक ऑफिसर के लिए पांच लाख और ब्लॉक अधिकारी के लिए दो लाख से तीन लाख की रिश्वत मिलती थी।

मोदी सरकार के नौ साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

नीति आयोग की रिपोर्ट में किया गया दावा

एजेंसी

नई दिल्ली। नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए।

नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है।

बहुआयामी गरीबी नौ साल में 29.17% से घटकर 2022-23 में 11.28% रह गई

नीति आयोग के चर्चा पत्र (NITI discussion paper) के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए। उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकले।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005-06 से 2015-16 की अवधि (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट की दर) की तुलना में 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी अनुपात में गिरावट की गति बहुत तेज (गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत) रही।

नीति आयोग के इस चर्चा पत्र का विमोचन सोमवार को नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में किया। नीति आयोग के इस पेपर के लिए ऑक्सफोर्ड पॉलिसी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (ओपीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने तकनीकी इनपुट प्रदान किए हैं।

12 सतत लक्ष्यों पर आधारित है राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी का आंकड़ा

नीति आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में बदलावों के आधार पर वंचितों का आकलन किया जाता है। इन्हें विकास के 12 सतत लक्ष्यों पर आधारित संकेतकों के जरिए मापा जाता है। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूलों में उपस्थिति, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं।

अगले तीन दिन हो सकते हैं सबसे ठंडे

ताजा बर्फबारी से बढ़ेगी मैदानी इलाकों में गलन : मौसम विभाग

एजेंसी

नई दिल्ली। सूर्य के उत्तरायण होते-होते एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने का माहौल बन गया है। सोमवार की रात से सक्रिय होने वाले इस विक्षोभ के चलते न सिर्फ उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश की संभावनाएं बनी हैं, बल्कि पहाड़ी इलाकों पर ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार रात से लेकर गुरुवार तक मैदानी इलाकों में जबरदस्त ठंड और गलन पड़ सकती है। जबकि इन्हीं इलाकों में अभी भी लगातार कोहरा बढ़ता जाएगा। वहीं बढ़े हुए कोहरे के चलते सोमवार को भी देश की राजधानी दिल्ली के हवाई अड्डे पर यातायात व्यवस्था चरमराई रही। दोपहर 12 बजे तक कई उड़ानों को अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि 100 से ज्यादा उड़ानें एक बार फिर से देरी से उड़ीं। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार देर शाम से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने वाली है। इसके चलते हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के ऊपरी हिस्सों में ताजा बर्फबारी होगी। मैदानी इलाकों समेत उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश का अनुमान किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि विक्षोभ के चलते उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों समेत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। मंगलवार से लेकर गुरुवार तक अलग-अलग हिस्सों में बारिश का अनुमान है। बारिश के चलते कुछ इलाकों में तापमान में अंतर देखा जा सकता है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. दीपांशु यादव कहते हैं कि कुछ इलाकों में ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है। सात हजार फीट से लेकर नौ हजार फीट पर ताजा बर्फबारी हो सकती है। अनुमान के मुताबिक अगले तीन दिनों के भीतर बदले मौसम के चलते तकरीबन 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं मैदानी इलाकों में गलन बढ़ा सकती हैं। इसी वजह से मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार रात से लेकर गुरुवार दोपहर तक पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश उत्तराखंड के मैदान इलाको समेत चंडीगढ़ राजस्थान और मध्यप्रदेश के हिस्सों में न्यूनतम से लेकर अधिकतम पारे के गिरने का अनुमान बना हुआ है। अभी उत्तर भारत के कुछ इलाकों में तीन डिग्री से लेकर सात डिग्री सेल्सियस का तापमान बना हुआ है। अनुमान के मुताबिक अगले तीन दिनों में इसी तरह का तापमान बना रह सकता है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते कुछ मैदानी इलाकों में दिन और रात के कोहरे की समय सीमा में बदलाव हो सकता है।

एक करोड़ पुण्यार्थियों ने किया स्नान, टूटे सारे रिकॉर्ड

गंगा सागर मेला को राष्ट्रीय मेला घोषित करने की मांग

एजेंसी

पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल के बिजली, आवास, युवा मामले और खेल विभाग के मंत्री अरूप विश्वास ने सोमवार को दावा किया कि मकर संक्राति के अवसर पर गंगा सागर में सोमवार 3 बजे तक एक करोड़ पुण्यार्थियों ने पवित्र डूबकी लगाई। उन्होंने कहा, इस तरह से पुराने सारे रिकॉर्ड (पिछली बार 75 से 80 लाख) टूट गए। अरूप विश्वास ने सोमवार को दावा किया कि रविवार की रात 12-13 बजे से पवित्र स्नान का समय शुरू हुआ था। जैसे ही घड़ी में 12-13 बजे हाड़ कंपाने वाली सर्दी में शाही स्नान करने समुद्र में उतर गए। लोग अब भी कतारबद्ध होकर समुद्र में नहा रहे हैं। इतना ही नहीं, कई तीर्थयात्री आज भी बाबूघाट (कोलकाता) से गंगा सागर की तरफ आ रहे हैं। उन्होंने कहा, इतने बड़े मेले का आयोजन हो रहा है, फिर भी इस मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा नहीं मिल रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से गंगा सागर मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा देने की मांग की। उन्होंने बताया कि काकद्वीप और कचुबेरिया के लॉट नंबर आठ में तीर्थयात्रियों की भीड़ अभी भी बनी हुई है। पूरे दिन तीर्थयात्रियों का आना-जाना लगा रहा। इस बार सागर मेले में 6 स्नान घाटों की व्यवस्था की गई थी। हालाँकि, ऐसा लगता है कि ये भी कम रह गए। तेज हवा, घना कोहरा छाया हुआ है, फिर भी श्रद्धालु पुण्यार्थी समुद्र में गोते लगा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि समुद्र में स्नान करने के बाद, लोग कपिलमुनि मंदिर में आते हैं। रात से ही यहां पर भी लंबी भीड़ लगी हुई है। पत्रकार सम्मेलन में अरूप विश्वास के अलावा मंत्री शोवनदेव चट्टोपाध्याय, स्नेहाशीष चक्रवर्ती, पार्थ भौमिक और सुजीत बोस उपस्थित रहे। इनके अलावा जिला मजिस्ट्रेट सुमित गुप्ता और सुंदरबन के पुलिस अधीक्षक कोटेश्वर राव भी उपस्थित थे।

धोनी को मिला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण

एजेंसी

नई दिल्ली।

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। धोनी को आमंत्रण देने के लिए राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े लोग उनके घर गए थे। धोनी ने इस दौरान कहा कि वह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाएंगे। आमंत्रण मिलने से वह काफी खुश हैं। धोनी से पहले महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को आमंत्रित किया जा चुका है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में फिल्म कलाकारों, वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों सहित अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रण मिलने के बाद पूरी उम्मीद है कि सचिन तेंदुलकर और धोनी 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। सचिन-धोनी के अलावा विराट कोहली और रोहित शर्मा के भी इस समारोह में शामिल होने की उम्मीद है।

आमंत्रण मिलने के बाद पूरी उम्मीद है कि सचिन तेंदुलकर और धोनी 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। सचिन-धोनी के अलावा विराट कोहली और रोहित शर्मा के भी इस समारोह में शामिल होने की उम्मीद है।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अतिथियों को आमंत्रित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ज्यादातर खास व आम मेहमानों तक आमंत्रण पत्र पहुंच गया है। अन्य को भेजा जा रहा है। इस काम के लिए 15 जनवरी अंतिम तिथि तय की गई है। आज इसकी आखिरी तारीख है।

धोनी हाल ही में दुबई से लौटे हैं। वह सपरिवार वहां छुट्टियां मनाने के लिए गए थे। धोनी रांची वापस लौटने के बाद ट्रेनिंग शुरू कर दी है। वह आईपीएल के आगामी सीजन में चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी करते नजर आएंगे। 42 साल के धोनी का यह आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है। वह 2008 से चेन्नई के कप्तान हैं और उन्होंने टीम को पांच बार चैंपियन बनाया है। चेन्नई ने पिछले साल फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराया था।

फरारी में बलराज और रवि ने उड़ाए आठ लाख

एजेंसी

नई दिल्ली। दिव्या पाहुजा की हत्या के बाद होटल मालिक ने जो कहानी पुलिस को बताया था। ठीक वही कहानी बलराज गिल ने दोहराई है। उसने पैसा व गाड़ी मिलने के बाद दोस्त के कहने पर दिव्या के शव को पंजाब ले जाने की बात कही है।

मॉडल दिव्या पाहुजा के शव को ठिकाने लगाने के बाद नौ दिन की फरारी में बलराज गिल और रवि बंगा ने आठ लाख रुपये उड़ा दिए। एयरपोर्ट पर गिरफ्तारी के दौरान बलराज गिल के पास लगभग दो लाख रुपये मिले हैं। सीआईए सेक्टर 17 की सेल में पुलिस रिमांड के दौरान सोमवार को दोनों का आमना-सामना हुआ। दोनों ने नजरे झुका रखी थीं। सीआईए की पुलिस टीम ने अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों से अलग-अलग बातचीत की। इसके बाद दोनों से क्रॉस सवाल जवाब हुए। जिनके जवाब से पुलिस टीम संतुष्ट नजर आई। दिव्या पाहुजा की हत्या के बाद होटल मालिक ने जो कहानी पुलिस को बताया था। ठीक वही कहानी बलराज गिल ने दोहराई है। उसने पैसा व गाड़ी मिलने के बाद दोस्त के कहने पर दिव्या के शव को पंजाब ले जाने की बात कही है। बलराज ने बताया कि उसने अपने एक अन्य साथी रवि बंगा के साथ मिलकर दिव्या के शव को ठिकाने लगाया। छानबीन के दौरान पता चला है कि उनके पास 10 लाख रुपये थे। इसमें से दोंनों नौ दिन के भीतर आठ लाख रुपये खर्च कर चुके थे। करीब दो लाख रुपये के आस-पास एयरपोर्ट से उसके पास बरामद हुआ है। इसके साथ ही जब वह हावड़ा रेलवे स्टेशन पर रवि बंगा का साथ छोड़ रहा था तो उसने बचे हुए लगभग दो लाख रुपये रवि बंगा को दिए थे।

बदोसराय में निकली गई भाव्य शोभा यात्रा जगह जगह किया गया स्वागत

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की गांव गांव में अलख जगाने के लिए उदासीन आश्रम नानक शाही कुटिया से राम लक्ष्मण सीता की भव्य शोभा यात्रा महंत जनार्दन दास की अगवाई में निकाली गई । सोमवार को शोभा यात्रा उदासीन आश्रम ग्राम हजरतपुर से शुरू हुई और ग्राम कैरातिनपुरवा, कटोरवा, सोंधाव, मुंशीपुरवा, मरकामऊ, टिकुरी, बदोसराय किंन्तूर होते हुए आश्रम पर संपन्न हुई। आश्रम से यात्रा निकलते ही गांव गांव में जगह-जगह भक्तों ने फूल बरसा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के साथ हजारों भक्त डीजे पर बज रहे भजनों के धुन पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान लोगों ने गांवों एवं कस्बों में जगह-जगह स्टाल लगाकर यात्रा का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया । इसी तरह यात्रा आगे बढ़ते हुए टिकुरी होते हुए बदोसराय कस्बे में पहुंची जहां पर दर्जनों स्थानों पर प्रसाद वितरण के साथ ही यात्रा का भव्य स्वागत किया गया । कस्बे के मुख्य चौराहे पर संकल्प हेल्प फाउंडेशन द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरण पूरे दिन किया गया । यात्रा में साथ साथ चल रहे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा में रथ पर सवार भगवान राम लक्ष्मण और सीता की सुंदर सजीव झांकी के साथ महंत जनार्दन दास चल रहे थे । जिनका लोग जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए जय घोष कर रहे थे । यात्रा के साथ दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों पर भगवान राम के साथियों सुग्रीव अंगद हनुमान जी एवं भरत शत्रुघ्न आदि की भी झांकियां सजाई गई थी। यात्रा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव की अगुवाई में भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। इस दौरान अमित पान्डेय, प्रहलाद विमल, संतोष पाण्डेय सचिन गुप्ता जयशंकर पांडेय आलोक कनौजिया शिवहरी अवस्थी अमन कनौजिया ललित यादव सतीश यादव दिव्यांशु कनौजिया राम अचल आचार्य संचिदानंद महाराज हर्षित गुप्ता सोनू पांडेय राहुल यादव सहित हजारों लोग यात्रा में चल रहे थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे लाभार्थियो को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

❖ दौलतपुर ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का किया गया आयोजन।

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास

बाराबंकी । विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत दौलतपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान अतुल वर्मा, पद्मश्री श्री राम शरण वर्मा तथा प्रवक्ता अनुज वर्मा ने क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा राकेश पटेल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर राकेश पटेल ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा गरीबों के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही है, जैसे निःशुल्क राशन वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि योजना उज्जवला गैस कनेक्शन का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम मे पदमश्री किसान रामसरन वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जन-जन के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसका लोग पात्रता के आधार पर लाभ उठा रहे हैं। ग्राम प्रधान अतुल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोड़ना है। कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम कुसुम योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृत/प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसका वहां पर उपस्थित सभी लोगों ने बहुत सराहना की। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ आप लोगों को मिल रहा है अथवा नहीं जिस पर लाभार्थियों ने हां में जवाब दिया। इस पर उन्होंने कहा कि जिन लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है वह अपना रजिस्ट्रेशन करा लें ताकि सरकार द्वारा दिया जा रहा लाभ उन्हें प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम के तहत एलईडी वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओ के प्रचार प्रसार के साथ ही आज स्वास्थ्य शिविर में लोगों की जांच की गयी। पीएम उज्ज्वला के तहत नये व्यक्तियों का नामांकन किया गया। ड्रोन से नैनौ युरिया, डीएपी, का प्रर्दशन किया गया और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई-के0वाई0सी0 की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि, कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, अन्नध्मिलेट्स की उपयोगिता, स्थानीय कृषि उत्पादन संगठनों के उत्पादन के प्रति प्रदर्शनी रबी अभियान के अन्तर्गत प्रगतिशील कृषकों द्वारा उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु संवाद कार्यक्रम किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पशुओं सामयिक टीकाकरण व रोगों के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया। आपूर्ति एवं विपणन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गतन निःशुल्क राशन एवं पीएम उज्ज्वला योजना पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, विकास शील कृषक पद्मश्री राम शरण वर्मा, ग्राम प्रधान अतुल वर्मा व प्रवक्ता अनुज वर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

एक नज़र

श्रद्धालुओं ने लोधेश्वर को चढ़ाई खिचड़ी

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास रामनगर-बाराबंकी। मकर संक्रांति पर लोधेश्वर महादेवा मंदिर में दर्शन पूजन के लिए हर-हर बम-बम के उद्घोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। जिसमें ज्यादातर दूर दराज से आए हुए श्रद्धालुओं ने शिव जी का जलाभिषेक कर उन्हें खिचड़ी चढ़ाई। बता दें कि मकर संक्रांति के पावन पुण्यकाल में खिचड़ी दान का महत्व माना जाता है। महादेवा सहित कई जगह समाजसेवियों ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया।महादेवा के पश्चिम मेंस्थित ऋषि आश्रम कुरुक्षेत्र में गरीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भगौती यादव द्वारा खिचडी भोज आयोजित किया गया ,श्रद्धालुओं ने अभरन कुंड में स्नान कर खिचडी भोज में हिस्सा लिया तथा खिचड़ी का दान भी किया।रामनगर क्षेत्र में स्थित तीर्थ स्थानों पर आज श्रद्धालु उमडे। मकर संक्रांति खिचड़ी पर लोगों में उत्साह दिखाई पड़ रहा था।सुरक्षा ब्यवस्था में पुलिस बल भी मुस्तैद रहा।

गौशालाओं में पशुओं को ठंण्ड से बचाने के लिए जलवाया अलाव

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास सिरौलीगौसपुर। जिला अधिकारी के निर्देश के क्रम में तहसीलदार वैशाली अहलावत नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार आदि ने क्षेत्र के गौशालाओं में पशुओं को ठंण्ड से बचाने के लिए अलाव जलवायें। बताते चलें कि जिला अधिकारी सत्येन्द्र कुमार के निर्देश के क्रम में क्षेत्र के श्याम नगर, विरौली, हजरतपुर, औलिया लालपुर गौशालाओं में प्रवन्धकों से पशुओं को ठंण्ड से बचाव के लिए अलाव जलवाये।

संकल्प हेल्प फाउन्डेशन द्वारा खिचडी भोज का आयोजन

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। मकर संक्रांति पर्व पर क़स्बा बदोसराय में खिचडी भोज का आयोजन संकल्प हेल्प फाउन्डेशन के अध्यक्ष आलोक कन्नौजिया ने किया तो वहीं श्रीकोटवाधाम के बसन्ता फूफू मन्दिर प्रांगण में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज सेवी दुर्गेश कुमार दीक्षित ने बन्दरो को खिचडी भोज कराया। कस्बा बदोसरांय में आयोजित खिचड़ी भोज का शुभारंभ श्यामू सेठ,अमित भैया रामजी जिला पंचायत सदस्य मनोज सोनी पिन्टू कनौजिया, सचिन गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता,अजय गुप्ता,राजाराम गुप्ता,अनिल यादव प्रहलाद कनौजिया,सुन्दर लाल कनौजिया, विजय नाग,कृष्णा नंद अवस्थी दिनेश यादव बलराम मौर्या अंकित गुप्ता राहुल यादव, हर्षित गुप्ता,रामराज चौहान,ललित यादव रामअचल,सतीश शिव हरि अवस्थी, विक्रम यादव अनुज यादव अनिल कनौजिया सोनू पांडेय आचार्य सच्चिदा नन्द महाराज,कृष्णा नन्द अवस्थी, यादव,बड़कू संतराम मौर्य,अमन कनौजिया प्रदीप यादव संस्कार कन्नौजिया दिव्यांशु कन्नौजिया सहित सैकड़ों लोगों ने पूजा पाठ करके प्रसाद वितरण किया।

रजनीश पायलेट का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार हापुड़। गढ़ रोड पर नवीन मंडी के पास डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय में लोको पायलेट रजनीश पायलट का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्मानित साथियों के साथ केक काटकर मनाया गया जहां सम्मानित साथियों द्वारा रजनीश पायलट को केक खिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही सम्मानित साथियों ने तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र की पेंटिंग व उपहार रूपी पेन भेंट कर उनके विचारों पर चलने के लिए कहा। जहां दिन भर सोशल मीडिया पर भी रजनीश पायलट को शुभकामनाएं देने वालों का तांता बना रहा। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी मानवी सिंह,अरुण कुमार उर्फ राजा भैया, निर्मल, कैलाश विक्रम भैया कॉल, डॉ नरेश सागर ,बाबू राम भारती,सतीश कुमार,मनीष कुमार,इंद्राज प्रधान, पंकज सागर, सत्येंद्र कुमार,आदित्य जाटव पत्रकार बंधु राजेंद्र सिंह, सुनील कुमार, पुष्पेंद्र कुमार,मोहित कुमार, सचिन कुमार, कपिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

कड़ाके की ठंड में नगर पंचायत बेलहरा के अलाव खामोश

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास

बाराबंकी। कडाके की ठंड पडने से नगर पंचायत में अलाव जलाने की व्यवस्था बेपटरी पर है। गीली लकडियां डालकर खानापूति की जा रही है जिसके कारण राहगीरों को ठंड से बचने के लिए कोई राहत नही मिल रही है। मालूम हो नगर पंचायत बेलहरा के 15 वार्डों में सार्वजनिक स्थलों पर नगर पंचायत द्वारा इस भीषड ठंड में अलाव जलाने का कार्य भ्रष्ट कार्य शैली के तहत किया जा रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि नगर पंचायत गीली लकडियां डालकर कागज के सहारे जलाकर चले जाते है। कुछ ही देर बाद आग बुझने से गीली लकडियां उसी तरह पडी रहती है जिसके कारण विभिन्न चौराहों पर अलाव जलाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इस सम्बन्ध में ईओ शिवमूर्ति ने बताया कि अलाव जलाने की प्रक्रिया सुचारू रूप से की जा रही है यदि कहीं गीली लकडियां डाली जा रही है तो इसकी जांच की जायेगी।

राजस्थान से दौड़ लगाकर अयोध्या जा रहे राम भक्तों का ग्राम प्रधान ने किया स्वागत

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास

मसौली-बाराबंकी। हाथ में रामध्वज, जुबान पर जय श्रीराम का जयकारा, आस्था व भक्तिभाव से लबरेज राम का गुणगान करते हुए राजस्थान से दौड़ लगाकर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मे होने वाले भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे भाग लेने जा रहे रामभक्त रामसिंह राठौर एव उनके साथी पवन कुमार का चिलौकी ग्राम प्रधान एव उनके साथियो ने जोरदार स्वागत किया।राजस्थान के कुचामन से 15 दिसंबर को अयोध्या धाम पहुंचने का संकल्प लेकर निकले। रामभक्त रामसिंह राठौर का रविवार की शाम को सफदरगंज चौराहे पर पहुंचने पर ग्राम प्रधान चिलौकी सोमनाथ राजपूत ने अंग वस्त्र, फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। रात्रि विश्राम के लिए ग्राम प्रधान के आवास पर रुके रामभक्त रामसिंह राठौर ने बताया कि 30 दिन की यात्रा पूर्ण कर ली गई है। इस दौरान उन्होंने रास्ते के विभिन्न अनुभव भी साझा किये लगातार दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचने की ललक लिए रामभक्त के पैरों मे छाले पड़ गए हैं लेकिन उनके ऊपर छालों का दर्द अयोध्या धाम पहुंचने के उत्साह के आगे बिल्कुल फीका था। वह कहते हैं आंखों में सिर्फ एक ही सपना है कि कितनी जल्दी प्रभु श्री राम के दर्शन हों। वह जय श्री राम के उद्घोष करते हुए आगे बढ रहे है और इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने की चाहत बनी हुई है। जो दौड़ लगाकर राजस्थान से अयोध्या की दूरी को पैदल ही नाप रहे है।

संत शेडू सिंह महाराज सेवा समिति द्वारा किया प्रसाद वितरण

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार हापुड़। मकर सक्रांति के पर्व पर संत शेडू सिंह महाराज सेवा समिति द्वारा संत शेडू सिंह जी की छतरी व प्राचीन गंगा मंदिर पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ ।?जिसमें प्रसाद रूप में कढ़ी चावल का वितरण किया। जिसमें सुधीर त्यागी(भुनी वाले),रामकिशोर त्यागी, निखिल त्यागी(अहाते वाले), ज्ञानेंद्र त्यागी , राजकुमार त्यागी, प्रदीप त्यागी, मुकेश त्यागी , कवि विकास त्यागी, विजय त्यागी(मास्टर जी), आकाश त्यागी, गुलशन त्यागी, हरिराज त्यागी, हेमन्त त्यागी,सुधीर त्यागी(किसान नेता),दीपक त्यागी, अजय सुंदर नारायण त्यागी, सोनू वत्स,अतुल वत्स,प्रेम प्रकाश मिश्रा, अतुल शर्मा, मोहित। आदि लोग सम्मलित रहे।

मृतक बीडीसी प्रतिनिधि के परिवार को आशीष सिंह सिसोदिया ने पांच लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किया

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास

बाराबंकी। ब्लाक बनीकोड़र के क्षेत्र भानपुर ग्राम सभा में क्षेत्र पंचायत सदस्य सीमा सिंह सिसौदिया एवं समाज सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष सिंह सिसोदिया ने मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सभी ग्राम वासियों ने खिचड़ी खाकर बूढ़े, बच्चे, महिलाओं सहित सभी ग्राम वासियों खुब आनंद लिया। श्री सिसोदिया ने घर-घर पहुंचकर 5 लीटर का प्रेशर कुकर वितरण कर सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी दरमियान गांव में एक व्यक्ति की मृत्यु के उपरांत परिजनों को 10000 रुपए की आर्थिक सहायता एवं बीमारी से जूझ रहे गांव के ही लोगों को दवाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की दी। इसी क्रम में पूर्व में ग्राम पंचायत शाहपुर मुरारपुर में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिड सर प्रतिनिधि सर्वेश यादव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के उपरांत परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मौके मिथिलेश आचार्य , हथौंधा स्टेट राजा अविनाश सिंह,राकेश सिंह मुन्ना, इन्द्र प्रताप सिंह, शिव पूजन, शुक्ला अवधेश मिश्रा, अमित त्रिवेदी सरयू गुप्ता , सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी कार्यालयों को सजाया जाए: जिलाधिकारी

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी कार्यालयों को सजाया जाए। मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाए। कलेक्ट्रेट परिसर व शहीद उद्यान में सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जाए। मंदिरों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अज्ञात लोगों ने लगाई दुकान में आग सामान जलकर हुआ राख

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर। बीती रात ग्राम कोटवाधाम के संजय कश्यप की प्रिंटिग प्रेस की दुकान मे अज्ञात लोगों ने आग लगा दी जिससे दुकान में रखा पूरा सामान जल कर नष्ट हो गया। पीड़ित संजय ने बदोसराय पुलिस से लिखित शिकायत किया है। थाना कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम कोटवाधाम के संजय कश्यप पुत्र राजकुमार कश्यप की बडे बाबा के मन्दिर के सामने प्रिंटिग प्रेस की दुकान है उसके सामने राजकुमार कश्यप मोमफली पेठा बेंचता है वह भी सामान उसी दुकान में बंद था। बीती रात अज्ञात लोगों ने दुकान में आग लगा दी जिससे उसका पूरा सामान जल कर नष्ट हो गया। पीड़ित के अनुसार करीब चालीस हजार रुपए का नुक़सान हुआ है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह चालू, गुलाब का फूल देकर लोगो को किया प्रोत्साहित

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास

बाराबंकी। जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पीटीओ उमाशंकर मिश्रा व यातायात प्रभारी रामयतन यादव द्वारा बाराबंकी के पटेल तिराहे पर बाइक सवार चालकों व कार चालको को बिना हेलमेट वाहन व शीट बेल्ट लगा कर वाहन चलाने वालो को फूल व पैंपलेट देकर जागरूक किया गया। एवं जिन वाहन चालकों द्वारा हेलमेट नहीं लगाया गया, उन्हें गुलाब का फूल देकर अपने यातायात नियमों को अपनाने के लिए समझाया गया। जिससे कभी भी दुर्घटना होने पर अपने जीवन को बचाया जा सके, उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा लगातार सड़कों पर उतरकर वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए गुलाब का फूल देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। और लोगो को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा साथ ही वाहन चलाते समय सावधानियों के बारे में बताया गया। पीटीओ परिवर्तन दल के मुताबिक 15 जनवरी से 14 फरवरी तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

शाहजहांपुर में बसपाइयों के द्वारा मनाया गया धूम धाम से बहन कु0मायावती का जन्मदिन

द अचीवर टाइम्स फसाद खान

शाहजहांपुर । सिंधौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बबौरी में आज 15 जनवरी 2024 को बसपाइयों द्वारा मनाया बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु0 मायावती का 68वें जन्मदिन मनाते हुए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उन्हें 2024 में देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया है कहा कि कु0 बहन मायावती बसपा अध्यक्ष ही देश के विकास का रास्ता तय कर सकती हैं जन्मदिन के मौके पर बसपा करता हूं ने सभी देशवासियों से अपील की ओर कहा की आप सभी साथीगण हर बूथ पर जाकर बहुजन मिशन मोमेंट और डॉक्टर बाबा साहब बीआर अंबेडकर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाकर काशीराम जी के त्याग और समर्पण को याद करते हुए बसपा के द्वारा किए गए कार्यो को याद करते हुए आगे कदम बढ़ाना होगा और इस बार 2024 में बहन कु0 मायावती जी को भारी बहुमत से प्रधानमंत्री बनाकर देश को बचाना है जिससे देश की अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, अत्याचार , शोषण, जैसी जैसी तमाम समस्याएं से छुटकारा मिल पाए । जन्मदिन की शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि नायक टाइगर फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीत कुमार आजाद, शक्ति कनौजिया, फसाद खान और जिसमे मौजूद रहे बसपा कार्यकर्ता उपस्थित मनोज कुमार, हिरदेश कुमार, कुलदीप, सत्यप्रकाश, अनुज कुमार , सरबजीत, ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता, संजीव कुमार, रामस्वरूप, पिंटू, लालित, विकाश, सरबजीत, नरेंद् कुमार, छेटेलाल, बाबूराम, चंद्रप्रकाश, विनोद कुमार, अवनीश कुमार, राजपाल, आरुष, अमितेश, सुधीश, राजू, भगवानदास, सुबोध कुमार, अंशू, वेदप्रकाश ,रमेश, राजेश, राजवीर, सुधीर कानोजिया, शक्ति कनोजिया, अवनीश कनोजिया, पुस्पेंद्र कनोजिया, लालाराम कठेरिया, प्रताप कठेरिया हरिश्चंद्र कनोजिया, संतोष कनोजिया , मुन्नालाल, शिवम, आशाराम, बघेले, रामलखन, राधेश्याम, श्रीकृष्ण, भीमप्रकाश, गुलाब, दीपक, आदि लोग उपस्थित रहे।

समाजसेवी ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

द अचीवर टाइम्स निर्मल सैनी लखनऊ। विकासखंड माल के अंतर्गत नबीपनाह भट्ठा चौराहे पर समाजसेवी रामनरेश यादव के द्वारा लगभग सोलह दर्जन से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। आपको बता दें कि इन दिनों पड़ रही भीषण ठंड से सभी लोग पूरी तरह से परेशान है । लेकिन सबसे बुरा हाल गरीबों का है। गरीबों के सुख व दुख में साथ रहने वाले समाज सेवी रामनरेश यादव ने नबीपनाह के भट्ठा चौराहे पर जरूरतमंद लोगों के बीच लगभग दो सौ कंबल का वितरण किया। समाज सेवी ने पूछे जाने पर कहा कि कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिससे गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए समाज के सभी लोगों को इनकी मदद के लिए आगे आना होगा।

वो बंधक बनाकर पीटते रहे,पुलिस को रहा तहरीर का इंतजार

भाई बोला- भैया की बचाने के लिए दरोगा के पैर तक छुए

संवाददाता

लखनऊ। उन्नाव के शुक्लागंज में भाकियू नेता की ईंट-पत्थर से हमलाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। 22 जनवरी को भंडारे के लिए चंदा मांगने के दौरान हमला करने का आरोप है। लोगों ने नवीन गंगापुल पर जाम लगा दिया। पत्नी की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर समेत 10 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छोटे भाई समेत कई को पुलिस ने उठा लिया। उन्नाव के शुक्लागंज के गोताखोर मोहल्ले में हुई विनोद कश्यप की हत्या के मामले में परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक विनोद के भाई और पत्नी ने कहा कि आरोप जब पति विनोद को बंधक बनाकर पीट रहे थे, तब वो लोग कोतवाली पहुंचे थे। विनोद की जान की गुहार लगाई थी, लेकिन पुलिस वालों ने तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की बात कही। वो लोग

पुलिस कर्मियों ने मदद न कर आधी तहरीर ही लिख पाए थे कि इसी बीच मौत की सूचना आ गई। विनोद की पत्नी प्रतिमा उर्फ प्रीती कश्यप ने बताया कि जिस समय उनके पति विनोद को बंधक बनाकर पीटा जा रहा था, वह कोतवाली गई थी। वहां मौजूद महिला हेल्प डेस्क को समस्या बताने को कहा। महिला हेल्प डेस्क पहुंची तो तहरीर लिखकर लाने के बाद ही कार्रवाई करने की बात कही। वह आधी तहरीर लिख ही पाई थी कि पति की हत्या की सूचना मिल गई। वह अधूरा प्रार्थनापत्र वहीं कोतवाली में छोड़कर चली आई। फिर पुलिस ने प्रार्थनापत्र किससे लिखवाया और किस आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई, इसकी भी जांच होनी चाहिए।

विनोद ई-रिक्शा चार्जिंग कर पाल रहा था परिवार

विनोद कश्यप ई-रिक्शा चार्जिंग का काम कर परिवार का पालन पोषण करता था। वह चार भाईयों में सबसे बड़ा था। पिता रामकृपाल कश्यप विकास भवन के डीआरडीए में चतुर्थश्रेणी कर्मचारी हैं। पिता अपने बड़े बेटे के साथ मिलकर परिवार चला रहा था। रविवार को छुट्टी होने से पिता भी घर पर थे। बेटे की हत्या की खबर जैसे ही उसे मिली वह बेहोश होकर फर्श पर गिर गए।अयोध्या में मकान

बहन बोली, भारी पड़ गया श्रीराम का जयकारा

विनोद कश्यप की बहन भावना ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के जश्न की तैयारी और जय श्रीराम का नारा लगाना भाई को महंगा पड़ गया और भाई की जान चली गई। भाभी विधवा हो गई और तीन बच्चों के पिता का साया छिन गया। अब परिवार का क्या होगा। बहन ने कहा कि जरा सी बात पर हिस्ट्रीशीटर काले खां और उसके गुर्गे तलवार, तमंचा, डंडा और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।

परिजनों से भी की मारपीट, फायरिंग से भगदड़

विनोद की बहन भावना कश्यप ने बताया हत्यारोपी काले खां ने भाई विनोद को कमरे में बंद कर रखा था। उसके सिर के लगातार खून बह रहा था। जब हम सभी वहां पहुंचे तो करीब 35 से 40 लोग मौजूद थे। हम लोगों को देख उसने फायरिंग शुरू कर दी और पत्थर चलाने शुरू कर दिए। बहन के मुताबिक मारपीट में परिवार के अन्य सदस्यों को भी चोटें आई हैं।

पीड़ित परिवार से मिले सदर विधायक

रविवार को किसान नेता की हत्या की जानकारी पर सदर विधायक पंकज गुप्ता पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। सदर विधायक ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद व आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिस से हत्यारोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

भाई की जान बचाने दरोगा के पैर तक छुए

मारपीट में घायल छोटे भाई दुर्गाशंकर उर्फ बउवा ने बताया कि पीटने के बाद हमलावरों ने भाई को बंधक बना लिया। हमलावरों के हाथ में चाकू, तमंचा और ईंट पत्थर थे। वह किसी तरह भाग कर गंगाघाट कोतवाली पहुंचा और घटना की जानकारी दी तो वहां मौजूद दरोगा ने प्रार्थनापत्र लिखवाकर लाने को कहा। भाई के मुताबिक उसने दरोगा के पैर भी छुए और मौके पर चलकर भाई की जान बचाने की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस नहीं पसीजी।

कन्नौज पुलिस से बचने के लिए आठ साल पहले आया था शुक्लागंज

विनोद का हत्यारोपी काले खां मूल रूप से कन्नौज के कमालगंज का रहने वाला है। आठ साल से वह शुक्लागंज के गोताखोर मोहल्ले में परिवार के साथ रह रहा है। पुलिस ने उसे हिस्ट्रीशीटर घोषित कर रखा है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि काले खां पर कन्नौज में भी कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस से बचने के लिए ही वह आठ साल पहले कन्नौज से भागकर यहां आया था। एएसपी अखिलेश सिंह ने बताया कि हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें लगाई गई हैं। सीओ सफीपुर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस, एसओजी सर्विलांस, फॉरेंसिक टीमें लगाई गई है। एक टीम कन्नौज भी भेजी गई है, जो वहां उसका आपराधिक इतिहास की भी जांच और आरोपी की तलाश करेगी। इसके साथ ही शुक्लागंज, उन्नाव और कानपुर सहित अन्य संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

एक नज़र

अविवाहित बेटी भी गुजारा भत्ता पाने की हकदार, हाईकोर्ट ने खारिज की पिता याचिका

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में पिता की उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अविवाहित बेटी को गुजारा भत्ता देने के मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती दी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अविवाहित बेटियों के पक्ष में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत अविवाहित बेटी भी गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। वह चाहे किसी भी धर्म, आयु और रोजगार से जुड़ी हो। यह फैसला न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा की अदालत ने एक पिता की ओर से देवरिया की निचली अदालत द्वारा पहली पत्नी से जन्मी तीन बेटियों को गुजारा भत्ता दिए जाने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए सुनाया है। याची ने वर्ष 2015 में पहली पत्नी के देहांत के बाद दूसरी शादी कर ली। पहली पत्नी से जन्मी याची की तीन बेटियों ने देवरिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 के तहत अपने पिता से अंतरिम भरण-पोषण देने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि मां की मौत के बाद पिता, सौतेली मां के साथ इन सभी के साथ मारपीट करता है। उन्होंने इनकी पढ़ाई भी रोक दी है। न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में बेटियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए पिता को निर्देशित किया कि वह तीनों बेटियों का को तीन हजार रुपये प्रतिमाह भरण -पोषण प्रदान करें। मजिस्ट्रेट के आदेश को पिता ने हाईकोर्ट में दी थी चुनौती याची पिता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश को जिला जज की अदालत में चुनौती दी। लेकिन, जिला जज ने पिता की अपील खारिज कर दी। इसके खिलाफ पिता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याची पिता ने दलील दी कि उसकी बेटियां बालिग हैं और स्वस्थ हैं। वह ट्यूशन पढ़ा कर कमाई भी करती हैं। बेटियां उसके साथ रह रही हैं और वह उनका सारा खर्चा वहन कर रहा है। याची ने अपनी उम्र, आर्थिक तंगी और मुस्लिम विधि का भी हवाला देते हुए निचली अदालत द्वारा दिए गए फैसले को रद्द करने की मांग की। कोर्ट ने याची पिता की दलीलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मौजूदा मामला परिवारिक हिंसा से जुड़ा है। इसलिए अविवाहित बेटी किसी भी धर्म, आयु और समुदाय की हो, उसे घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत संरक्षण प्राप्त है। कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले पर अपनी मुहर लगाते हुए याची पिता की याचिका खारिज कर दी।

सुपुर्द ए खाक हो गए मशहूर शायर मुनव्वर राना, जावेद अख्तर सहित कई मशहूर हस्तियों ने दी विदाई

लखनऊ। मशहूर शायर मुनव्वर राना का अंतिम संस्कार लखनऊ के ऐशबाग कब्रिस्तान में कर दिया गया। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए कई बड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। मशहूर शायर मुनव्वर राना सोमवार को लखनऊ के ऐशबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक हो गए। परिजनों और करीबियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। रविवार की रात उनका निधन हो गया था। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। एसजीपीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। गीतकार जावेद अख्तर भी उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे और कहा कि हकीकत ये है कि आज शायरी का, उर्दू का और हिंदुस्तान की तहजीब का नुकसान हुआ है। हिंदुस्तान की तहजीब का ये एक अहम हिस्सा था जो गिर गया। एक पीढ़ी जा रही है। एक नस्ल जो धीरे धीरे जा रही है। निदा फाजली, राहत साहब और अब मुन्नवर साहब का जाना, इसकी भरपाई तो नही हो पाएगी। उनके परिवार को हिम्मत मिले पर हकीकत है जो आता है वो जाता है। वो हमेशा शायरी के लिए ही जाने जाएंगे। मां को उन्होंने पहली बार शायरी का हिस्सा बनाया। उनका शेर कहने का अपना रंग था।

न दूरी, न खाई है, मोदी हमारा भाई है...

मुस्लिम महिलाओं तक पहुंचने के लिए भाजपा ने शुरू किया अभियान

संवाददाता

लखनऊ। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सोमवार से शुक्रिया मोदी भाई जान अभियान प्रारंभ कर दिया। इस अभियान के तहत लखनऊ में पहली जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने भाग लिया। जनसभा में भाजपा ने मोदी सरकार में मुस्लिम समाज के लिए किए गए कार्यों के बारे में जानकारी। इस दौरान मंच से ना दूरी है, ना खाई है, मोदी हमारा भाई है... के नारे भी लगे। हर जिले में इस अभियान के तहत सभाएं होंगी। अभियान में केंद्र सरकार की उन योजनाओं के बारे में बताया जाएगा, जिनसे मुस्लिमों को खास लाभ हुआ है। लखनऊ में आयोजित जनसभा में प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दानिश अली भी शामिल हुए और कहा कि मोदी सरकार

सबके विकास के लिए कार्य कर रही है। अभियान के तहत तीन तलाक के मामले पर मुस्लिम महिलाओं को जोड़ा जाएगा और बताया जाएगा कि उसका कितना लाभ उन्हें हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी जनसभा को संबोधित किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने बताया कि इस अभियान में हम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मुस्लिम हित में लिए गए बड़े फैसलों के बारे में जानकारी देंगे और योजनाओं पर बात करेंगे जिससे मुस्लिम समाज को खास लाभ हुआ है।

अयोध्या में मकान बनवाएंगे बिग बी अमिताभ बच्चन, 10 हजार वर्ग फीट जमीन खरीदी, ये है प्लाट की कीमत

संवाददाता

लखनऊ। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने निर्माणाधीन राम मंदिर के नजदीक ही एक जमीन खरीदी है। यहां से राम मंदिर सिर्फ 15 मिनट की दूरी पर ही स्थित है। फिल्मी दुनिया के बिग भी कहे जाने वाले प्रख्यात अभिनेता अमिताभ बच्चन रामनगरी में जल्द ही घर बनवा सकते हैं। इसके लिए उन्होंने अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप के जरिए जमीन खरीदी है। अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप अयोध्या में सेवन स्टार टाउनशिप विकसित कर रहा है। बताया जा रहा है कि अमिताभ बच्चन ने इस टाउनशिप में 10000 स्क्वायर फीट जमीन खरीदी है जिसकी कीमत 14.5 करोड़ बताई जा रही है। अमिताभ बच्चन इससे पहले लखनऊ के पास काकोरी में भी जमीन खरीद चुके हैं। अमिताभ ने अयोध्या में जिस जगह पर जमीन खरीदी है वह राम मंदिर से 15 मिनट की दूरी पर

बताई जा रही है साथ ही अयोध्या एयरपोर्ट से इसकी दूरी 30 मिनट है। हालांकि, इसे लेकर अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप की ओर से कोई अधिकृत बयान नहीं दिया गया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। आगामी 22 जनवरी को रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। नगर के विकास के लिए सरकार ने हजारों करोड़ की विकास परियोजनाएं शुरू करवाई हैं जिससे भव्य और नव्य अयोध्या का सपना साकार हो सके। माना जा रहा है कि मंदिर उद्घाटन के बाद अयोध्या विश्व के सबसे बड़े पर्यटन स्थलों में से एक बनकर उभरेगी और बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी। ऐसे में नगर में होटल और टाउनशिप से जुड़ी कंपनियां बड़ा निवेश कर रही हैं।

पतंग उत्सव का उल्लास, झूमे शहरी

संवाददाता

लखनऊ। सारेगामा और इंडियन इडिओल जैसे टी.वी रियलिटी शो में शहर का नाम रौशन करने वाली सिंगर फराह नाज़ के गानो पर घंटाघर पर गीत-संगीत शौकीन झूम उठे। उनके जूनून को देखते हुए फराह नाज़ ने उन्हें मैडल प्रस्तुती देखकर मदहोश कर दिया। मौका था आयोजित पतंग महोत्सव का। इस मौके पर खूब पतंग बजी हुई। लोगो ने खूब मस्ती की धमाल मचाया। खिचड़ी का लुत्फ़ उठाया।

पैसा लेकर नहीं बनवाया आवास, तो ब्याज सहित लौटाइए रकम, काशी में 900 लोगों को दिया नोटिस

संवाददाता

लखनऊ। वाराणसी में पीएम आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को डूडा की ओर से नोटिस दिया गया है। लाभार्थियों ने पैसा लेकर आवास नहीं बनाया है। इनमें से कुछ का कहना है कि आवास बनाने के लिए रकम कम है तो कुछ जमीनी विवाद में आवास न बनने की बात बता रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 900 लाभार्थियों ने 50 हजार रुपये की पहली किस्त लेने के बाद भी आवास नहीं बनवाए। इसका खुलासा डूडा की जांच में हुआ है। इन्हें नोटिस दिया गया है। तीन नोटिस के बाद इनसे रिकवरी की जाएगी। जिले में 39,300 आवास के लाभार्थी हैं। इनमें से

30 हजार लोगों ने आवास बनवाए हैं। इस योजना के तहत मिलने वाली 2.50 लाख रुपये धनराशि घर बनाने के लिए दी जाती है। इसकी कोई वसूली सरकार की ओर से नहीं होती है। लेकिन, शर्त है कि इस पैसे का इस्तेमाल घर बनाने में होना चाहिए। पहली किस्त 50 हजार रुपये नींव बनाने पर दिया जाता है। इसके बाद मकान बनाने पर दूसरी किस्त 1.50 लाख रुपये मिलती है। मकान पूरा बनने के बाद तीसरी किस्त 50 हजार रुपये दी जाती है। लाभार्थी सारनाथ के राजेश ने बताया कि आवास की पहली किस्त मिली है। भूमि पर विवाद होने के कारण निर्माण नहीं हो पा रहा है। चेतगंज के विनोद कुमार ने बताया कि पैसा है, जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा। भेलूपुर के संजय ने बताया कि महंगाई अधिक होने के कारण इतने पैसे में आवास नहीं बन पाएगा। पैसा लौटाने के लिए हमने कहा है। उधर डूडा की ओर से भेजे गए नोटिस में लिखा है कि या तो घर बनाइए या फिर ब्याज सहित पैसा लौटाइए। शहर में 900 लाभार्थियों को नोटिस जारी किया गया है। इन लोगों ने पीएम आवास का पैसा लेने के बाद घर नहीं बनाया है। अब इनसे वसूली की जाएगी।

मायावती का बड़ा एलान

अकेले ही लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, किसी पार्टी से नहीं करेंगे गठबंधन

संवाददाता

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन पर बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बसपा किसी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। अकेले ही चुनाव मैदान में उतरेगी। इस दौरान उन्होंने भाजपा की फ्री राशन स्कीम पर करारा प्रहार किया। अखिलेश यादव पर भी हमला बोला। आज बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन है। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मायावती ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। 2024 चुनाव में बसपा किसी से

गठबंधन नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव अकेले लड़कर बेहतर रिजल्ट लाएंगे। गठबंधन में चुनाव से हमारी पार्टी को नुकसान होता है। गठबंधन से बसपा को फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है। हमारी पार्टी को धांधली की वजह से नुकसान ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि सवर्ण वोट बसपा पर ट्रांसफर नहीं होते। इसलिए बसपा किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। चुनाव के बाद उचित भागीदारी मिलने पर समर्थन दिया जा सकता है। लेकिन यह समर्थन मुफ्त मे नहीं दिया जाएगा। सांप्रदायिक सोच वाली पार्टी से दूरी रखेंगे। अधिकांश दलों की मानसिकता जातिवादी। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में ईवीएम में धांधली हो रही है। ईवीएम के विरोध में बहुत आवाज उठी। देश में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। मायावती ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोगों को फ्री राशन का झांसा दिया। राशन देकर गुलाम बनाया जा रहा है। मायावती ने कहा कि यूपी में हमारी योजनाओं की नकल की जा रही है। धर्म की आड़ में राजनीति की जा रही है। मायावती ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में अपनी चार बार की सरकार में सभी वर्गों के लिए काम किया था। अल्पसंख्यक, मुस्लिम, गरीब, किसान और मेहनतकश लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई थीं। इन योजनाओं को सरकारें नाम और स्वरूप बदल कर अपना बनाने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जातिवादी होने की वजह से यह काम नहीं हो पा रहा है।

धर्म और संस्कृति की आड़ में राजनीति

मायावती ने आगे कहा कि हमने अपनी सरकार में लोगों को सम्मान और स्वाभिमान ऊंचा करने का अवसर भी दिया, लेकिन वर्तमान में यह होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। केंद्र और राज्य सरकार धर्म और संस्कृति की आड़ में राजनीति कर रही है। इससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है।

अयोध्या जाने पर करेंगे विचार

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि मुझे राम मंदिर रे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है, मैंने इसपर कोई फैसला नहीं लिया है क्योंकि मैं अपने पार्टी के काम में व्यस्त हूं, लेकिन अयोध्या में 22 जनवरी को जो कार्यक्रम हो रहा है उसका हम स्वागत करते हैं। आगे चलकर अगर मस्जिद को लेकर ऐसा कोई कार्यक्रम होता है तो उसका भी हम स्वागत करेंगे। हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है, हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।

अखिलेश यादव पर मायावती का हमला

इस दौरान मायावती ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि विपक्ष के इंडिया गठबंधन को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बसपा के लोगों को गुमराह करने के लिए गिरगिट की तरह रंग बदला है। उससे बसपा के लोगों को सतर्क रहना होगा। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि पिछले महीने मैंने आकाश आनंद को अपना एकमात्र उत्तराधिकारी घोषित किया था जिसके बाद मीडिया में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि मैं जल्द ही राजनीति से संन्यास लेने वाली हूं। मैं बताना चाहूंगी कि इन अटकलों में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। मैं अंतिम सांस तक बसपा को मजबूत करने का काम करती रहूंगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम में धांधली की खबरें मिल रही हैं। विदेशों की तरह यहां भी यह व्यवस्था खत्म हो सकती है। इसमें बदलाव भी हो सकता है तब बसपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ जाएगा।

फ्री में थोड़ा सा राशन देकर गुलाम बनाने की कोशिश

मायावती ने हमला करते हुए कहा कि लोगों को रोजगार देने के बजाय फ्री में थोड़ा सा राशन देकर अपना मोहताज बनाया जा रहा है, जबकि हमने अपनी सरकार के दौरान वर्तमान सरकारों के जैसे लोगों को अपना मोहताज नहीं, बनाया बल्कि सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के साधन उपलब्ध कराए।

सम्पादकीय

विश्व सिनेमा की जादुई दुनियाः स्क्रीनप्ले राइटर जीन-क्लाउड कैरिएर

जीन-क्लाउड कैरिएर बनना तो टीचर चाहता था मगर बन गया स्क्रीनप्ले राइटर एवं निर्देशक। फिल्म स्क्रिप्ट में उसका पहला काम सहायक का था, उसने जॉक टैटी के सहायक के रूप में स्क्रीनप्ले लिखा था। वही टैटी जो 'दि इल्युसनिस्ट', 'ट्रेफिक' जैसी फिल्मों के स्क्रीनप्ले राइटर के रूप में जाने जाते हैं। पटकथा लेखन फिल्म (कथा) की केन्द्रीय आधार भूमि होती है, जिस पर निर्देशक फिल्म का ताना-बाना खड़ा करता है। निर्देशन सुयोग्य हाथों में जितना ज्ञानात्मक संवेदन के साथ होगा, कथा अपने उद्देश्य पर उतनी पहुंचेगी। तो आज बात करती हूं, स्क्रीनप्ले राइटर जीन-क्लाउड कैरिएर की। वैसे जीन-क्लाउड कैरिएर पटकथा लेखन के साथ-साथ अभिनेता तथा निर्देशक भी थे। उन्होंने मिलान कुंडेरा जैसे उपन्यासकार के काम पर बनने वाली फिल्म की पटकथा लिखी। उन्होंने लुई बुनेल, लुई माले, मिलोस फोरमैन, साउल जेन्ट जैसे सिने-निर्देशकों के साथ काम किया, उनके साथ मिल कर फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी। जीन-क्लाउड कैरिएर का जन्म 17 सितम्बर 1931 को फ्रांस में हुआ था। पहले उनका विवाह निकोल जेनिन से हुआ। मगर यह रिश्ता कुछ दिन के बाद तलाक में बदल गया। नेहाल तेजाडोड उनकी दूसरी पत्नी हैं, जो कैरिएर की मृत्यु तक उनके संग थीं। कैरिएर की बेटी का नाम आइरिस कैरिएर है। जीन-क्लाउड कैरिएर की पेरिस में 8 फरवरी 2021 को मृत्यु हुई। जीन-क्लाउड कैरिएर ने मिलान कुंडेरा (जिनकी अभी हाल में मृत्यु हुई है) के उपन्यास 'दि अनबेयरेबल लाइटनेस ऑफ बीइंग' पर इसी नाम से बनने वाली 1988 की फिल्म का लेखन किया जिसमें निर्देशक फिलिप कौफमैन ने भी सहयोग दिया। फिलिप कौफमैन निर्देशित इस फिल्म में 1968 के सेंट्रल यूरोप में कहानी चलती है। करीब तीन घंटे की इस ड्रामा, रोमांस फिल्म में एक चेक डॉक्टर अपनी एक्टिव सेक्स लाइफ के समय एक स्त्री से मिलता है। परंतु समस्या है, यह स्त्री एकल संबंध चाहती है और, सब छिन्न-भिन्न हो जाता है क्योंकि उनके देश पर रूसी अतिक्रमण होता है। फिल्म 'दि अनबेयरेबल लाइटनेस ऑफ बीइंग' में डैनियल डे-लेविस तथा जुलिएट बिनोके ने भूमिकाएं की हैं। अक्सर फिल्म लेखन कई लोग मिल कर करते हैं, नहीं भी करते हैं तो प्रचार-प्रसार के मद्देनजर निर्देशक का नाम इस श्रेणी में शामिल किया जाता है। अतः अधिकतर जीन-क्लाउड कैरिएर के नाम के साथ वोल्कर श्लॉन्डोर्फ, जाक डेरे तथा पियरे एटेक्स का नाम हम जुड़ा देखते हैं। 1962 में जीन-क्लाउड कैरिएर ने पियरे एटेक्स के साथ मिल कर 'हैप्पी एनिवर्सरी' का स्क्रीनप्ले लिखा। दोनों ने न केवल इस फिल्म को साथ मिल कर लिखा, इसका निर्देशन भी दोनों ने साथ मिल कर किया। इस फिल्म ने कई नामी पुरस्कार अपने नाम किए। इसे 1963 का ऑस्कर पुरस्कार मिला, वह भी सर्वोत्तम लघु विषय का। साथ ही सर्वोत्तम लघु फिल्म केलिए मिला बाफ्टा पुरस्कार और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में इसे पुरस्कृत किया गया। मात्र 15 मिनट की इस फिल्म में जॉर्ज्स लोरिओट, नोनो जैमिट आदि ने अभिनय किया है। कहानी कुछ इस प्रकार है, एक स्त्री अपनी वैवाहिक वर्षगांठ मनाने के लिए अपने एवं अपने पति के लिए डिनर तैयार कर रही है। उसका पति भागदौड़ कर बाहर के काम निपटा रहा है, वह कई स्थानों पर पत्नी केले उपहार खरीदने रुकता है। मगर देव उसके विपरीत हैं। पेरिस का ट्रेफिक जाम और तमाम अन्य परेशानियां हर कदम पर उसकी राह में अड़चने डाल रही हैं। वह हर हाल में समय पर डिनर हेतु घर पहुंचना चाहता है। इधर पत्नी को पता नहीं है कि उसके पति के साथ क्या हो रहा है? क्या यह एक खुशनुमा वर्षगांठ डिनर होगा? क्या पति समय पर घर पहुंच सकेगा? इसी ऊहापोह में फिल्म समाप्त होती है। जीन-क्लाउड कैरिएर बनना तो टीचर चाहता था मगर बन गया स्क्रीनप्ले राइटर एवं निर्देशक। फिल्म स्क्रिप्ट में उसका पहला काम सहायक का था, उसने जॉक टैटी के सहायक के रूप में स्क्रीनप्ले लिखा था। वही टैटी जो 'दि इल्युसनिस्ट', 'ट्रेफिक' जैसी फिल्मों के स्क्रीनप्ले राइटर के रूप में जाने जाते हैं। कैरिएर ने 1972 में 'द डिस्क्रीट चार्म ऑफ द बूर्जुआजी' लिखी, यह स्क्रीनप्ले उन्होंने लुई बुनुएल के साथ मिल कर तैयार किया। यह करीब पौने दो घंटे की कॉमेडी है। ये फिल्म मध्यवर्ग के छः लोगों के स्वप्न के इर्द-गिर्द घूमती है, उनका स्वप्न बहुत सामान्य है वे एक साथ खाना खाना चाहते हैं लेकिन इस स्वप्न के पूरे होने में पग-पग पर तमाम बाधाएं आती हैं। 'द डिस्क्रीट चार्म ऑफ द बूर्जुआजी' को लुई बुनुएल ने निर्देशित किया है और इसमें फेरनांडो रे, डेल्फिन सेरिग ने अभिनय किया है। इसे 7 पुरस्कार मिले जिसमें एक ऑस्कर भी शामिल है। राउल कोटार्ड तथा ग्रेग टोलैंड प्रसिद्ध ने इस फिल्म की सिनेमाटोग्राफी की है। जीन-क्लाउड कैरिएर का कहना था कि मैं सदा बकवास करता हूं, लेकिन कोई तो मुझे समझता है। लुई बुनुएल मेरे साथ काम करते हैं क्योंकि वे मुझे समझते हैं। ऑनरेरी ऑस्कर ग्रहण करते हुए उन्होंने जो कहा वह ध्यान देने योग्य है। वे स्क्रीनराइतर का यह सम्मान पा कर बहुत प्रसन्न थे। कारण बताते हुए उन्होंने कहा, अक्सर स्क्रीनराइटर भुला दिए जाते है अथवा अनदेखे किए जाते हैं। स्क्रीनराइटर सिनेमा के इतिहास में गुजरने वाली छाया की तरह होते हैं। रिव्यू में उनका नाम नहीं आता है। कितने दुःख की बात है। लेकिन इसके बावजूद वे फिल्ममेकर हैं। इसीलिए उस रात वे इस अमूल्य छोटी मूर्ति को अपने सब सहयोगियों के साथ साझा करते हैं। वे उनके साथ भी इसे साझा करते हैं जिन्हें वे जानते हैं और उनके साथ भी साझा करते जिन्हें वे नहीं जानते हैं। इसी तरह 'द स्टोरीटेलर्स' को एक साक्षात्कार देते हुए कहा, स्क्रीनराइटर बनने का सर्वोत्तम तरीका है, फिल्म बनाने में विनम्र ढंग से भाग लेना। साथ ही आवश्यक है, आइडियाज होना। इस पेशे में जाने वालों के लिए उनके विचार बहुत काम के हैं। वे कहते हैं, स्क्रीनराइटर का काम केवल फिल्म लिखना और फिल्म बनाने के प्रत्येक तकनीक पहलुओं- साउंड, इमेजेज, एडिटिंग की जानकारी होना नहीं है। उसका काम नए विचारों को खोजना है। यही सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। विभिन्न विचारों का गुलदस्ता प्रस्तुत कर पाना। जीन-क्लाउड कैरिएर प्रतिभा पहचानते थे। उन्होंने मंच की एक अभिनेत्री डेल्फिन सेरिग के लिए 'ले'एड-मेमोइर' नाटक लिखा। बाद में दोनों दोस्त बन गए। वे लुई बुनुएल को उसका नाटक दिखाने लेकर आए। लुई बुनुएल उसके अभिनय से इतने प्रभावित हुए कि उसे अपनी दो फिल्मों में मुख्य नायिका की भूमिका में लिया। ये फिल्में थीं, 'द मिल्की वे' (1969) तथा 'द डिस्क्रीट चार्म ऑफ द बूर्जुआजी' (1972)। दोनों फिल्म का स्क्रीनप्ले जीन-क्लाउड कैरिएर ने ही लिखा है। 1981 कान फिल्म समारोह की ज्यूरी में शामिल जीन-क्लाउड कैरिएर लिखित कॉमेडी-ड्रामा 'द मिल्की वे' में दो घुमक्कड़ फ्रांस से स्पेन की तीर्थ यात्रा पार निकलते हैं। रास्ते में वे हिचहैक करते हैं, भीख मांग कर खाते हैं, ईसाई रूढ़ियों और विभिन्न युगों के विधर्म से टकराते हैं। फिल्म को बर्लिन अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह का इंटरफिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ।

नजरिया- आत्मनिर्भर महिलाओं की दुनिया और पुरुषवादी समाज में आधी आबादी की सफलता पर कुछ सवाल

यह मानना भ्रामक है कि निचले तबके की स्त्रियों को ही पुरुष वर्चस्ववादी समाज का दबाव या अत्याचार सहना पड़ता है। उच्च वर्ग की महिलाओं को भी उतने ही समझौते करने पड़ते हैं। हिंदी सिनेमा की अभिनेत्री नीतू सिंह की सोशल मीडिया पर बेहद मजबूत उपस्थिति गौर करने लायक है। हालांकि यह प्रतिभा संपन्न अभिनेत्री अब भी फिल्मों में कभी-कभार दिख जाती हैं, लेकिन ऋषि कपूर के जीवित रहते हुए शायद ही अखबार, टेलीविजन, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और पार्टियों में उनकी ऐसी उपस्थिति दिखती थी। बीते दिनों की इस सदाबहार अभिनेत्री को जनता जैसे भूल ही गई थी। पर हाल के वर्षों में उन्होंने फिर से खुद को प्रासंगिक बनाया है। कहा जाता है कि हर पुरुष की सफलता के पीछे किसी नारी का योगदान होता है। वैसे ही नारी की सफलता के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। मैंने तो पति के गुजर जाने या उसका साथ छोड़ देने पर कई महिलाओं को सफलता की सीढ़ियां चढ़ते देखा है। यह मानना भ्रामक है कि निचले तबके की स्त्रियों को ही पुरुष वर्चस्ववादी समाज का दबाव या अत्याचार सहना पड़ता है। उच्च वर्ग की महिलाओं को भी उतने ही समझौते करने पड़ते हैं। बांग्लादेश की चर्चित अभिनेत्री परीमणि ने कुछ दिन पहले घोषणा की थी कि चूंकि उनके पति ने निरंतर उनका शारीरिक-मानसिक शोषण किया, इसलिए वह पति से सारे रिश्ते खत्म कर रही हैं। मानने का कारण है कि उनकी उस घोषणा के बाद उनके परिचितों-परिजनों का उन पर अपना फैसला वापस लेने का दबाव बना। कुछ लोग तो सोशल मीडिया पर उन पर उलजुलूल आरोप लगाने तक से बाज नहीं आए। नतीजा वही हुआ, जिसकी आशंका थी। आखिरकार परीमणि को समझौता करना पड़ा, और फेसबुक पर पति से तलाक लेने की जो सूचना उन्होंने पोस्ट की थी, वह उन्होंने डिलीट की। परिवार और समाज के दबाव पर परीमणि को उसी पुरुष के साथ रहने के लिए विवश होना पड़ा, जिससे वह अलग होना चाहती थीं। जाहिरहै, उन्हें फिर से वही शारीरिक-मानसिक शोषण का सामना करना पड़ेगा। फिर वह अंदर-बाहर से टूटती-घुटती रहेंगी। फिर भी चुप रहना पड़ेगा। बांग्लादेश में असंख्य महिलाओं की चहेती परीमणि को असंख्य शोषित महिलाओं की तरह गूंगी और सहनशील बनकर जीवन बिताना पड़ेगा। पति की सफलता के पीछे उनके योगदान को स्वीकारा जाएगा। लेकिन उन्हें अपनी सफलता के लिए इंतजार करना पड़ेगा। और क्या पता, पारिवारिक-सामाजिक दबावों के आगे समर्पण कर देने वाली परीमणि को वह सफलता कभी मिले ही न, जो वह चाहती हैं। वह सफलता शायद उन्हें अकेले रहने पर मिल सकती है। जिस तरह हमारे समाज में महिलाओं के लिए पति की

उपस्थिति जरूरी है, उसके बिना विवाहित स्त्री के जीवन का कोई मूल्य नहीं है, वैसे ही संतान का होना भी जरूरी है। ये समाज के कुछ पैमाने हैं, जिन्हें आज भी पहले की तरह लागू किया जाता है। दरअसल पति के साथ रहने और संतान को जन्म देने जैसे मानक सैकड़ों-हजार वर्षों से स्त्रियों को बांध देने के लिए समाज में लागू हैं। इस दुनिया में ऐसी असंख्य शिक्षित, आत्मनिर्भर और सजग औरतें हैं, जिन्होंने शादी नहीं की, न ही संतानों को जन्म दिया। फिर भी उनका जीवन व्यर्थ नहीं हुआ। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में हमारे समाज का रवैया कैसा है, इसका पता बांग्लादेश की एक हालिया घटना से चलता है। वहां मजनूं नाम के एक लुटेरे व नशेड़ी को ढाका विश्वविद्यालय की एक छात्रा से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस अधिकारी ने मीडिया में जो बयान जारी किया, उसके मुताबिक, मजनूं का यह अपराध उसके पहले के अपराधों की तुलना में ज्यादा गंभीर है। उसने इससे पहले क्या अपराध किया था? पता चलता है कि इससे पहले भी उसने कई गरीब और दिव्यांग लड़कियों के साथ यही घृणित अपराध किया था। पुलिस अधिकारी शायद यह कहना चाह रहे हों कि एक के बाद अपराध करने के कारण मजनूं का जुर्म ज्यादा गंभीर है। यह सही हो सकता है, लेकिन पुलिस अधिकारी के बयान से इसका भी आभास मिलता है कि एक पढ़ी-लिखी लड़की के साथ यौन अपराध गंभीर मामला है। जिस समाज में पुलिस-प्रशासन के उच्च पदों पर आसीन लोग तक स्त्री के खिलाफ अपराधों में फर्क करते हैं, उस समाज में महिलाओं को न्याय दिलाना बहुत आसान नहीं है। यह मानने का कारण है कि गरीब, मजबूर और साधनहीन महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति प्रशासन-व्यवस्था का रवैया अमीर, पढ़ी-लिखी और प्रभावशाली महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों से भिन्न होता है। उसे कौन समझाए कि यौन अपराध चाहे किसी के भी साथ हो, घृणित और निंदनीय है, और ऐसे हर मामले में पुलिस-प्रशासन का रवैया एक जैसा होना चाहिए। लेकिन जिस बांग्लादेश में समाज निरंतर कट्टरता की ओर जा रहा है, जहां लड़कियों, स्त्रियों के प्रति रोज ही नए दिशा-निर्देश जारी होते हैं, वहां यौन अपराधों के खिलाफ एक जैसी सख्ती और प्रतिबद्धता की उम्मीद करें भी, तो कैसे! वहां के स्कूली पाठ्यपुस्तक में सलवार-कमीज और दुपट्टे में एक लड़की की तस्वीर छापकर कहा गया है कि यही लड़कियों की उपयुक्त पोशाक है। आगे इसमें कारण बताते हुए कहा गया है कि शारीरिक बदलावों के कारण बड़ी होती लड़कियों को झुककर चलना पड़ता है। लेकिन कमीज पर दुपट्टा रख लेने से वे सीधा होकर चल सकेंगी। यह तो एक नमूना है। आने वाले दिनों में बुर्के वाली महिलाओं की तस्वीर छापकर बताया जाएगा कि महिलाओं के लिए यही उपयुक्त पोशाक है। बांग्लादेश के समाज में कट्टरवादी सोच के साथ कट्टरवादी पोशाकों के प्रति रुझान जिस तरह बढ़ता जा रहा है, उसमें लगता नहीं है कि बुर्के पर जोर देने का कोई विरोध होगा। पूछा जाना चाहिए कि शरीर में बदलाव होने पर लड़कियों को शर्मिंदा क्यों होना चाहिए? और अतिरिक्त कपड़ा या पर्दा इसका हल क्यों होना चाहिए? क्या पुरुषों के शारीरिक बदलाव के बारे में भी यही तर्क दिया जाता है? हैरानी की बात यह है कि इस तरह के तर्क मौजूदा 21वीं सदी में भी दिए जा रहे हैं। इन कट्टरवादियों का तर्क यह भी है कि मर्यादा और गरिमा में रहने वाली लड़कियों, स्त्रियों के साथ अपराध कम होते हैं। जाहिर है, यह कुतर्क ही है। स्त्रियों पर होने वाले अपराधों को कम करने के लिए महिलाओं का पर्दे और बुर्के में ढका रहना जरूरी नहीं है। बल्कि ज्यादा जरूरी यह है कि पुलिस-प्रशासन चुस्त-दुरुस्त हो, और समाज में स्त्रियों के प्रति जागरूकता पैदा करने का प्रयास हो।

इतिहास, संस्कृति और धर्म का पर्व, जब देश एकता के सूत्र में बंधता है..

हर साल 14 जनवरी को धनु से मकर राशि व दक्षिणायन से उत्तरायण में सूर्य के प्रवेश के साथ यह पर्व संपूर्ण भारत सहित विदेशों में भी अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पंजाब व जम्मू-कश्मीर में %लोहड़ी% के नाम से प्रचलित यह पर्व भगवान बाल कृष्ण के द्वारा %लोहिता% नामक राक्षसी के वध की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन पंजाबी भाई जगह-जगह अलाव जलाकर उसके चहुंओर भांगड़ा नृत्य कर अपनी खुशी जाहिर करते हैं व पांच वस्तुएं तिल, गुड़, मक्का, मूंगफली व गजक से बने प्रसाद की अग्नि में आहुति प्रदान करते हैं। भारत देश में अलग-अलग त्योहारों को अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। यहां लगभग हर दिन ही कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। लोग बड़े ही उत्साह और धूमधाम से इन पर्वों को मनाते हैं। जैसे-साल की शुरुआत हो चुकी है और आज देश मकर संक्रांति का त्योहार मना रहा है। इस पर्व को मनाने की अपनी मान्यताएं हैं और लोगों की आस्था भी। कोई भी पर्व सिर्फ एक त्योहार के रूप में नहीं होता बल्कि, ये ही है जो लोगों को आपस में जोड़े रखता है और आपसी भाईचारे को भी बढ़ाता है। ऐसा ही कुछ मकर संक्रांति के त्योहार में भी नजर आता है। अगर यूं कहा जाए कि ये पर्व अनेकता में एकता का संदेश देना वाला पर्व है, तो शायद इसमें कोई दो राय न हो। हर साल 14 जनवरी को धनु से मकर राशि व दक्षिणायन से उत्तरायण में सूर्य के प्रवेश के साथ यह पर्व संपूर्ण भारत सहित विदेशों में भी अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पंजाब व जम्मू-कश्मीर में %लोहड़ी% के नाम से प्रचलित यह पर्व भगवान बाल कृष्ण के द्वारा %लोहिता% नामक राक्षसी के वध की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन पंजाबी भाई जगह-जगह अलाव जलाकर उसके चहुंओर भांगड़ा नृत्य कर अपनी खुशी जाहिर करते हैं व पांच वस्तुएं तिल, गुड़, मक्का, मूंगफली व गजक से बने प्रसाद की अग्नि में आहुति प्रदान करते हैं। भारत देश में अलग-अलग त्योहारों को अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। यहां लगभग हर दिन ही कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। लोग बड़े ही उत्साह और धूमधाम से इन पर्वों को मनाते हैं। जैसे-साल की शुरुआत हो चुकी है और आज देश मकर संक्रांति का त्योहार मना रहा है। इस पर्व को मनाने की अपनी मान्यताएं हैं और लोगों की आस्था भी। कोई भी पर्व सिर्फ एक त्योहार के रूप में नहीं होता बल्कि, ये ही है जो लोगों को आपस में जोड़े रखता है और आपसी भाईचारे को भी बढ़ाता है। ऐसा ही कुछ मकर संक्रांति के त्योहार में भी नजर आता है। अगर यूं कहा जाए कि ये पर्व अनेकता में एकता का संदेश देना वाला पर्व है, तो शायद इसमें कोई दो राय न हो। हर साल 14 जनवरी को धनु से मकर राशि व दक्षिणायन से उत्तरायण में सूर्य के प्रवेश के साथ यह पर्व संपूर्ण भारत सहित विदेशों में भी अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पंजाब व जम्मू-कश्मीर में %लोहड़ी% के नाम से प्रचलित यह पर्व

महत्व वैसा ही जैसा कि वृक्षों में पीपल, हाथियों में ऐरावत और पहाड़ों में हिमालय का है। भले मकर संक्रांति का पर्व देश के विभिन्न प्रदेशों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता हों पर इसके पीछे समस्त लोगों की भावना एक ही है। तिल और गुड़ के व्यंजन हमें एक होने का संदेश देते हैं। वहीं नीले आकाश में शीतल वायु के संग उड़ती पतंग मानवीय यथार्थ से रू-ब-रू करवाती है। इंसान को शिखर पर पहुंच कर भी अभिमान नहीं करना चाहिए, यह पतंग भलीभांति समझाती है। जिस प्रकार पतंग भले कितनी ही क्यों न ऊंचे आकाश में उड़े पर उसे खींचने वाली डोर इंसान के हाथ में ही रहती है। वैसे ही इंसान भी भले कितना ही अकूत धन-दौलत के अभिमान की हवा के बूते विलासिता व ऐश्वर्य के आसमान में उड़े, लेकिन उसके सांसों की डोर भी परमपिता परमेश्वर अविनाशी के हाथों में ही रहती है। पतंग हो या इंसान, दोनों का माटी में विलीन होना तय है, इसलिए इंसान को भूलकर भी अपने जड़ों और संस्कारों से दूर होकर कोई भी अमानवीय कृत्य नहीं करना चाहिए। मकर संक्रांति के दौरान लोगों में पतंगबाजी का उल्लास चरम पर होता है। देश में प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के त्योहार के एक महीने पहले ही पतंगबाजी का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है। शीतलहर के साथ हैं। इस दौरान बाजार भी पतंगों से गुलज़ार होने लग जाते हैं। लेकिन हर साल पतंगबाजी के दरमियान जो चिंताजनक पहलू निकल कर सामने आता है वो है चाइनीज मांझे के कारण बेजुबान पक्षियों की होने वाली मौतें। हालांकि, पिछले साल नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने देशभर में पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाले नायलॉन और चाइनीज मांझे की खरीद फरोख्त, स्टोरेज और इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। एनजीटी ने यह रोक ग्लास कोटिंग वाले कॉटन मांझे पर भी लगाई थी और अपने आदेश में सिर्फ सूती धागे से ही पतंग उड़ाने की इजाजत दी थी। लेकिन, इसके बावजूद बाजारों में अवैध तरीके से चाइनीज मांझे की धड़ल्ले से बिक्री देखी जा सकती है। दरअसल, चाइनीज मांझे को बनाने में कुल पांच प्रकार के केमिकल और अन्य धातुओं का प्रयोग किया जाता है। इनमें सीसा, वजरम नामक औद्योगिक गोंद, मैदा फ्लौर, एल्युमीनियम ऑक्साइड और जिरकोनिया ऑक्साइड का प्रयोग होता है। इन सभी चीजों को मिक्स करके कांच के महीन टुकड़ों से रगड़कर तेज धार वाला चाइनीज मांझा तैयार किया जाता है। जिसके संपर्क में आते ही पतंगे कट जाती हैं। जहां एक ओर चाइनीज मांझा आकाश में उन्मुक्त उड़ान भरने वाले पक्षियों की राह में रोड़ा बनकर उनके प्राण छीनता है, तो दूसरी ओर इसके कारण वाहन हादसे भी अंजाम लेते हैं। वहीं पतंगबाजी करने वाले लोगों के हाथों की अंगुलियां व चेहरा भी चाइनीज मांझा के कारण जख्मी हो जाता है। हमें सोचना चाहिए कि पक्षियों की हमारी तरह दुनिया, बच्चे व परिवार होता है। वे सुबह दाने की तलाश में अपनी उड़ान भरते हैं और शाम को अपने घोंसले में वापस लौटकर आते हैं। बच्चे उनकी प्रतीक्षा में होते हैं। लेकिन किसी रोज हमारे द्वारा चाइनीज मांझे से की जा रही पतंगबाजी के कारण उनका अपने बच्चों के पास लौटना तो दूर तलक उनके मरने की कोई खबर भी उन तक नहीं पहुंच पाती है। वहीं कई पक्षी चाइनीज मांझे की चपेट में आकर धरती पर घंटों-घंटों तक तड़पते रहते हैं, उनकी इस स्थिति में सुध लेने वाला भी कोई नहीं होता है। जहां हमारी भारतीय संस्कृति में पशु-पक्षियों के संरक्षण की परंपरा रही है। इस कारण हम अलसुबह उठकर चबूतरे पर पक्षियों के लिए दाना और पानी देने को अपना पुण्य समझते हैं। वहीं हमें सोचना चाहिए कि हम चाइनीज मांझे की डोर से पतंगबाजी करके कई पक्षियों की जान लेकर अपने पुण्य पर पानी तो नहीं फेर रहे हैं? आवश्यकता है कि प्रशासन चाइनीज मांझे की हो रही गैर-कानूनी बिक्री को लेकर अपनी कार्यवाही तेज करें। ऐसे दुकानदारों पर तुरंत शिकंजा कसें, जो नियमों की सीमा लांघकर अवैध रूप से चाइनीज मांझे का व्यापार करते हैं। जरूरत है कि पतंगबाजी सामूहिक रूप से किसी खुले मैदान में एक निश्चित समय सीमा में हो, ताकि पक्षियों की हंसती खिलखिलाती दुनिया सलामत रह सकें और मनुष्य पुण्य के पर्व के दिनों में पाप का भागीदारी होने से बच सके। हमें मकर संक्रांति को पतंगबाजी व तिल और गुड़ के स्वादिष्ट व्यंजनों तक ही सीमित न रखकर इस पावन पर्व पर आपसी रंजिश और बैर मिटाकर प्रेम, स्नेह, भाईचारे व अपनत्व के साथ रहते हुए हिंदू-मुस्लिम का भेद भुलाकर अनेकता में एकता की मिसाल संपूर्ण जगत में दीप्तिमान् करनी होगी। तभी जाकर हम सच्चें मायनों में मकर संक्रांति के पर्व की महत्ता सिद्ध कर पाएंगे।

अंतर के उजास सरीखा गायन, शुद्धता और सहजता की पक्षधर थीं प्रभा अत्रे

प्रभा अत्रे अमीर खां साहब की गायकी से आरंभ से ही प्रभावित रहीं। उन्होंने आकाशवाणी में काम करते हुए अमीर खां साहब और बड़े गुलाम अली खां साहब के रिकॉर्ड ढूंढ-ढूंढकर सुने। मुझे लगता है कि किराना घराना में अब्दुल करीम खां साहब के बाद %सरगम% को गान में जीवंत करने का किसी ने प्रयास किया है, और उसे अपने तईं निखारते हुए अपना नया गान-मुहावरा किसी ने बनाया है, तो वह प्रभा अत्रे ही रही हैं। प्रभा अत्रे का निधन भारतीय संगीत में उस युग का अवसान है, जिसमें गायन के साथ उससे जुड़ी संवेदना, अध्ययन और चिंतन-मनन समाया था। वह गायन में शुद्धता की पक्षधर थीं, परंतु लोक की उस सहजता के प्रति भी उनका आग्रह था, जिसमें गान प्रकृति में घुलकर श्रोताओं को सहज माधुर्य प्रदान करता है। उन्हें सुनते हुए यह अनुभूति होती है कि संगीत ध्यान का गान है। उम्र के आखिरी दिनों तक उनके गान में अनूठा ओज समाया था। भैरवी में उनके गाए बोल जगत जननी, भव तारिणी, तू नव दुर्गा, तू भवानी, महाकाली, तू शिवानी, मंगला... में शब्द-शब्द उजास है। एक दफा राग मांज खमाज में जमुना किनारे मोरा गांव, सांवरे... में उनके स्वरों पर औचक ध्यान गया था। जिस सहजता से बोल निभाव करते उन्होंने भावों की व्यंजना यहां की है, वह लोक के माधुर्य में समाया उनका अनूठा शास्त्रीय ज्ञान है। सुनेंगे तो पाएंगे कि यहां सांवरे आ जइयो में उनकी शब्द-पुकार विरल है। लगता है, जैसे राग को बहुत जतन से उन्होंने अपने स्वरों का अनमोल गहना पहनाया है। यह सच में, आत्म की पुकार है। स्वरों में शब्द-शब्द यहां जैसे माधुर्य छलक पड़ रहा है। ऐसे ही उनकी एक ठुमरी है, कौन गली गयो श्याम...। इसमें श्याम को ढूंढने की जो स्वर-लगन है, वह चमत्कृत करती है। प्रभा अत्रे के गायन की यही विशेषता है कि वह भावों को सदा जीवंत करती रही हैं। वह सुनने वालों को सदा अपने स्वरों संग बहा ले जाती हैं। उनका समग्र गायन अंतर का उजास सरीखा है। प्रभा अत्रे अमीर खां साहब की गायकी से आरंभ से ही प्रभावित रहीं। उन्होंने आकाशवाणी में काम करते हुए अमीर खां साहब और बड़े गुलाम अली खां साहब के रिकॉर्ड ढूंढ-ढूंढकर सुने। मुझे लगता है कि किराना घराना में अब्दुल करीम खां साहब के बाद %सरगम% को गान में जीवंत करने का किसी ने प्रयास किया है, और उसे अपने तईं निखारते हुए अपना नया गान-मुहावरा किसी ने बनाया है, तो वह प्रभा अत्रे ही रही हैं। प्रभा अत्रे अद्वितीय थीं कि शास्त्रीय में लोक और लोक में शास्त्रीय सुगंध घोलते हुए उन्होंने संगीत की अपने स्तर पर नई भाषा रची। उनके शास्त्रीय गायन में लोक का सहज कंठ माधुर्य घुला हुआ है, तो ठुमरी, खयाल, दादरा, गजल, गीत, नाट्यसंगीत और भजनों में शास्त्रीय संगीत के शुद्ध सौंदर्य से भी सहज साक्षात होता है। हर राग में आलाप की उनकी बारीकियां और स्वर-खनक भिन्नता लिए हुए है। किराना घराने की शास्त्रीय संगीत परंपरा में उन्होंने गान में स्वर-संधान से अपनी अलग पहचान बनाई। वह जब आठ वर्ष की थीं, तभी संयोगवश संगीत की शिक्षा से जुड़ गईं। दरअसल चिकित्सक की सलाह पर उनकी बीमार मां का ध्यान बीमारी से हटाने के लिए घर में एक संगीत शिक्षक रखा गया। लेकिन उनकी मां ने तीन दिन में ही संगीत सीखने से मना कर दिया। तब उसी शिक्षक से प्रभा अत्रे को संगीत सीखने की सलाह दी गई और इस तरह से बचपन में ही संगीत से उनका नाता जुड़ गया। बाद में उन्होंने सुरेश बाबू मानेकर और हीराबाई बड़ोदकर से बाकायदा संगीत की बारीकियां सीखीं। वह बताती रही हैं, %संगीत जब सीखना प्रारंभ किया, तो एक साल तक केवल राग यमन ही मुझे सिखाया गया। पर यह जो सीखने की नींव पड़ी, उससे यह बात भी समझ में आई कि कैसे सुर लगाया जाता है। कैसे राग में बढ़त की जाती है और कैसे गायन में भाव लाया जाता है।% गायन के साथ-साथ वह नृत्य में भी पारंगत थी। %स्वरमयी%, %स्वरली%, %स्वरांगिनी% और %स्वरांजलि% जैसे संगीत-शोध में उन्होंने भारतीय संगीत से जुड़ी परंपरा को भी अपने तईं संजोया है। उनके आलाप, तान और शब्दों की जोड़बंदी में परंपरागत सौंदर्य की मिठास है, तो परंपरा की वह बढ़त भी है, जिसमें कोई कलाकार अपनी निजी शैली विकसित करते हुए राग को अलंकृत करता है। पुणे में 13 सितंबर, 1932 को जन्मी प्रभा अत्रे को %संगीत नाटक अकादमी%, %गानप्रभा% आदि कई पुरस्कारों के साथ पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण सम्मान भी प्रदान किया गया।

श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर मंदिरों में होने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ के हिस्सा लें:डी0एम0

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला

- 22 से 27 जनवरी तक होने वाले कार्यक्रमों को भव्य एवं सफल बनाने के लिए सभी एक-दूसरे का सहयोग करें: मंगला प्रसाद सिंह
- गलत अफवाह फैलाने वालों की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें: पुलिस अधीक्षक
- जनपद में पूर्ण रूप से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए मुख्य-मुख्य मंदिरों, चौराहों एवं बाजारों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा: केशव चन्द्र गोस्वामी

हरदोई। पुलिस लाइन के सभागार में आहूत पीस कमेटी की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाली श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को जनपद की गंगा-जमुनी तहजीब एवं आपसी भाई चारे के साथ मनायें भव्य रूप से मनायें और मंदिरों आदि पर होने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ के हिस्सा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही 23 जनवरी को सड़क सुरक्षा के तहत मानव श्रंखला का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज हरदोई में किया जायेगा और 24 जनवरी यूपी दिवस के अवसर पर रसखान प्रेक्षागृह में मनाया जायेगा, 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस राजकीय इण्टर कालेज में मनाया जायेगा, 26 जनवरी को जनपद में गणंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा तथा 27 जनवरी 2024 को सीएएन कालेज में विशाल सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होने उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों से कहा कि जाति धर्म को भूलकर समस्त जनपदवासी सभी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थित दर्ज करायें और कार्यक्रमों को सफल बनायें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि शासन के निर्देश पर 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम प्रतिष्ठा के अवसर पर जनपद के सभी मंदिरों पर अनेक कार्यक्रमों के आयोजन किये जायेगें और कार्यक्रमों में मस्जिदों की भांति मंदिरों पर भी होने वाले कार्यक्रमों में शासन द्वारा निर्धारित आवाज में लाउड स्पीकर बजाये जायेगें। एसपी ने कहा कि 22 से 27 जनवरी 2024 तक होने वाले सभी कार्यक्रमों को भव्य एवं सफल बनाने के लिए सभी एक-दूसरे का सहयोग करें तथा अपने क्षेत्र में होने वाली सभी गतिविधियों पर नजर रखें और आराजक, आसामजिक, अपराधी तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार की गलत अफवाह फैलाने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल जिला एवं पुलिस प्रशासन को सूचित करें। एपी ने कहा कि जनपद में पूर्ण रूप से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए मुख्य-मुख्य मंदिरों, चौराहों एवं बाजारों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी सहित पीस कमेटी में नामित सभी धर्मो के सदस्य आदि उपस्थित रहें।

जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया बसपा अध्यक्ष कु0 मायावती का जन्मदिन

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

हापुड़। बुलंदशहर रोड पर स्थित उर्मिला सेलिब्रेशन हॉल में बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन बड़े हर्ष उल्लास के साथ जनकल्याणकारी दिवस के रूप में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य मेरठ मंडल प्रभारी कमल सिंह से लेकर विशिष्ट सतीश प्रधान जिला प्रभारी, सुनील जाटव मंत्री जिला प्रभारी, हापुड़ नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी, डॉ मुजाहिदीन जाहिद डासना आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर व मान्यवर काशीराम के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किये गये। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार सागर ने किया। मुख्य अतिथि कमल सिंह राज ने बहन कुमारी मायावती को लंबी उम्र की कामना करते हुए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता को लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए एकजुट होने के लिए कहा तो वही जिला अध्यक्ष डॉ ऐ के कर्दम द्वारा बताया कि आज गरीब,कमजोर,पिछड़ों एवं उपेक्षित आदि के आत्म सम्मान की प्रतिक यूपी की चार बार यशस्वी मुख्यमंत्री रही बहन कुमारी मायावती का 68 वा जन्मदिन बड़े हर्ष उल्लास के साथ जनकल्याणकारी दिवस के रूप मे मनाते हुए सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी और आगमी लोकसभा चुनाव में बहन कुमारी मायावती प्रधानमंत्री बनाने के लिए कहा गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष परवेज़, जिला महासचिव माल सिंह पाल, अशोक आजाद जिला सचिव, अशोक मुर्गी वाले, सभासद कासिम कुरैशी, हीरालाल मास्टर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केपी सिंह,नितिन कुमार, सतीश कश्यप, अर्जुन जाटव, सभासद जगन सिंह, बाबूराम बेधड़क,जॉनी कुमार, डॉक्टर सुनील सरकार, लोकेश अकेला, कैलाश हल्द्वानी, कैलाश कुमार आदि सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी के साथ महिलाएं उपस्थित रहीद्य

एक नज़र

प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग एवं ताड़ी की फुटकर व थोक दुकानें बन्द रहेगी: जिलाधिकारी

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अवगत कराया है कि शासन के निर्देशानुसार 22 जनवरी 2024 अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग एवं ताड़ी की फुटकर व थोक दुकानें बन्द रहेगी और बन्दी दिवस पर किसी अनुज्ञापी को कोई प्रतिकर नहीं दिया जायेगा तथा उक्त आदेश का अनुज्ञापियों द्वारा कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा।

मकर संक्रांति पर किन्नर समाज ने निकाली डोला यात्रा

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

हापुड़। थाना क्षेत्र के मोहल्ला इन्द्रगढ़ी से गढ़ रोड स्थित मोहल्ला सोटवाली तक किन्नर समाज के लोगो ने मकर संक्रांति के शुभावसर पर शोभायात्रा निकाली।जिसके माध्यम से हापुड़ के तीन प्रतिष्ठित मन्दिरो में घण्टे लगाने का कार्य किया।शोभायात्रा जिसे डोला यात्रा के नाम से जाना जाता है।जिसमे राधा-कृष्ण स्वरूप झांकी, धार्मिक झांकी, डमरू दल आदि रहे।इस अवसर पर किन्नर समाज के मुखिया आनंद उर्फ छोटी किन्नर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर किन्नरों द्वारा मन्दिरो में पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा निकाली।वही मुखिया पूजा किन्नर ने मकर संक्रांति पर भगवान सूर्या के प्रति जागरूक किया।तथा हापुड़ क्षेत्र की जनता के घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।शोभायात्रा में कोमल किन्नर,मंजू किन्नर, चिंकी किन्नर,पप्पी किन्नर,धर्मेंद्र कुमार उर्फ दरोगा आदि लोग उपस्थित रहे।

बाल श्रम उन्मूलन, अनैतिक देह व्यापार, मानव तस्करी व नशा मुक्ति के विरुद्ध थाना ए0एच0टी0यू0 ने चलाया जागरूकता अभियान

द अचीवर टाइम्स एस के सिह

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग व पुलिस महानिरीक्षक महोदय ए0एन0टी0एफ, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में आज दिनांक 15.01.2024 को थाना ए0एच0टी0यू0 खीरी से प्रभारी निरीक्षक श्री जैनेंद्र कुमार हेड कांस्टेबल राजेश कुमार ,बाल संरक्षक अधिकारी श्री गंगासागर, एम ट्रस्ट से श्री हरीश कुमार, श्री शुभम राठौर की टीम द्वारा थाना उचौलिया, मैगलगंज, पसगंवा,मितौली के क्षेत्र में भिन्न भिन्न स्थानों पर स्थित होटल ढाबों पर बालश्रम, अनैतिक देह व्यापार व मानव तस्करी तथा नशीले पदार्थो की नाबालिक बच्चों से बिक्री न करने के विरुद्ध पोस्टर पैंपलेट चस्पा करते हुए व चेकिंग अभियान चलाकर आम जनमानस को जागरुक किया गया। चेकिंग अभियान के अन्तर्गत होटल ढाबों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान होटल मालिक व कर्मचारियों को बालश्रम, अनैतिक देह व्यापार व मानव तस्करी तथा नशीले पदार्थो की नाबालिक बच्चों को बिक्री न करने के संबंध निर्देशित करते हुऐ जागरूक किया गया।

कच्ची शराब कसीदगी करते दो लोग गिरफ्तार

द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह

खुटार(शाहजहांपुर)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशानुसार खुटार थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में अवैध कच्ची शराब, शराब माफियाओ व अवैध शस्त्रो की रोकथाम के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत खुटार पुलिस ने अवैध शराब की कशीदगी कर रहे दो आरोपियो को दबोचा। जिनके पास से अवैध अपमिश्रित शराब, शराब बनाने के उपकरण व भारी मात्रा में लहन बरामद की।सोमवार को पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर क्षेत्र के गांव मैनिया जंगल में झुकना नदी के किनारे लकड़ी के पुल के पास कुछ दूरी पर अवैध कच्ची शराब अपमिश्रित की कसीदगी कर रहे दो लोगों को दबोच लिया। दोनो ने पूछताछ में बताया कि वह थाना सेरामउ उत्तरी जनपद पीलीभीत के रहने वाले है। दोनो के पास से 110 लीटर अवैध कच्ची अपमिश्रित शराब व 05 किलो यूरिया, शराब बनाने के उपकरण बरामद हुआ। मौके पर पुलिस ने लगभग एक हजार लीटर का लहन बरामद किया जिसे मौके पर नष्ट कर दिया गया।

जिलाधिकारी ने की ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला

हरदोई। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों के कार्य मे तेजी लायी जाए। उन्होंने कछौना विकास खण्ड में खराब प्रगति को लेकर एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा बिलग्राम व माधोगंज के एडीओ पंचायत को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने1 कहा कि आरआरसी केन्द्रों का निर्माण तेजी से कराया जाए। उन्होंने भूमि के चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण न होने पर बीडीओ बेहन्दर, पिहानी व सांडी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। ओडीएफ प्लस की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकास खण्डों की जनपद स्तर पर रैंकिंग जारी की जाए और संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाए। उन्होंने वर्ष 2022-23 में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत भुगतान लम्बित रहने पर बीडीओ सांडी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बेगमगंज संडीला में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्थापित यूनिट में प्लास्टिक भेजने हेतु दिवसवार रोस्टर तैयार किया जाए। अवशेष अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। ग्राम पंचायत में पब्लिक एड्रेस सिस्टम व सीसीटीवी कैमरे के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। स्थान चयन के लिए ग्राम के संभ्रांत लोगों से बात की जाए। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों से नियमित अंतराल पर संवाद किया जाए। ग्रामों में सफाई को लेकर नागरिकों से फीडबैक लिया जाए। किसानों के साथ बैठक की जाए। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड पिहानी की ग्राम पंचायत नेदुरा के ग्राम प्रधान को गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था के लिए आइएसओ 9001रू2015 प्रमाणपत्र प्रदान किया। ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 के प्रधानमंत्री आवास योजना के अवशेष लाभार्थियों को नियमानुसार धनराशि का भुगतान जल्द कराया जाए। नियमित आधार पर भुगतान की समीक्षा की जाए। वर्ष 2023-24 के भी भुगतान में तेजी लायी जाए। चिन्हित अमृत सरोवरों का अवशेष कार्य जल्द पूरा किया जाए। विकास खण्डों में गोवंश संरक्षण की नियमित समीक्षा की जाए। आवश्यकतानुसार गोशालाओं का विस्तारीकरण व नई गोशालाओं के लिए भूमि का चिन्हीकरण किया जाए। प्रत्येक गोशाला में कम से कम तीन केयरटेकर की तैनाती की जाए। कंट्रोल रूम का नंबर प्रत्येक गोशाला में अंकित कराया जाए। प्रवर्तन दल को सक्रिय रखा जाए। ग्राम पंचायतों की लंबित जांचों को जल्द पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह, ग्राम प्रधान बांसा व नेदुरा तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एसपी अभिषेक वर्मा के हाथो कम्बल पाकर जरूरतमंद लोगों के खिल उठे चेहरे

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

हापुड़। तीर्थ नगरी बृजघाट पर निराश्रित व जरूरतमंद महिला व पुरुषों ने ऐसा भी नहीं सोचा होगा कि हापुड़ पुलिस द्वारा एक छोटा से प्रयास उनके चेहरे पर खुशी ला सकती है और जिले के कप्तान साहब खुद उनको बुलाकर ससम्मान देंगे। इसका अंदाजा तो ब्रजघाट पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा देखने को मिला है जहाँ मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र ब्रजघाट पर कम्बल व खिचड़ी प्रसाद वितरण कैम्प लगाया गया। जिसमे पुलिस अअधीक्षक ने अत्यधिक ठण्ड व शीतलहर से बचाव हेतु श्रद्धालुओं व निराश्रित व जरूरतमंद महिला व पुरुषोंई को ससम्मान बैठाकर उन्हें कम्बल व खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी गई एवं कम्बल पाकर जरूरतमंद लोगों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्राधिकार आशुतोष शिवम के साथ-साथ थानगढ़मुक्तेश्वर प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह के साथ आदि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

भूमि अधिग्रहण से प्रवाहित किसनों की मांग के निस्तारण हेतु एचपीडीए उपाध्यक्ष को सौपा ज्ञापन

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

हापुड़। दिल्ली रोड पर आनंद विहार में तीन गांव के किसानों की चमरी, सबली, अच्छेजा की भूमि 2008 में अधिग्रहण से प्रवाहित किसने की मांग के निस्तारण हेतु भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष पवन हूड गुर्जर के नेतृत्व में उपाध्यक्ष हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण एक ज्ञापन सौपते हुए अवगत कराया कि आनंद विहार योजना के लिए प्राधिकरण द्वारा दिल्ली रोड के किसानों की भूमि को किसानों के प्रभाव में लिए बिना जोत की भूमि भवनों तथा व्यापारियों के भवनों के साथ ही अधिग्रहण लिया गया जिससे किसान सहमत नहीं है इस विरोध को तत्कालीन आयुक्त सुरेन्द्र सिंह ने गंभीरता से लिया और किसानों को सुना तथा निस्तारण के लिए एक कमेटी का गठन किया जिसमें दो किसान भाकियू अराजनैतिक जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर तथा जिला महामंत्री संजय चौधरी प्रतिनिधि रखे गए बैठक तो कमेटी की बुलाई परंतु किसानों के हित और मन्शा के अनुरूप निस्तारण पर काम नहीं हुआ जिस पर आपके नेतृत्व में किसान हित पर काम होने की आशा है, साथ में राधेलाल त्यागी कटार सिंह, राजेंद्र गुर्जर, मोनू त्यागी, राजबीर भाटी,अमित नागर आदि लोग उपस्थित रहे।

बकाया गन्ना भुगतान जल्द कराने के लिये जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र

गोला गोकर्णनाथ खीरी। लखीमपुर खीरी सहित, उत्तर प्रदेश की बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के पेराई सत्र 2023-24 के बकाया गन्ना भुगतान जल्द कराने और शादी / बीमारी आदि के भुगतान सीधे चीनी मिलों से कराने , गन्ना बुआई के लिए चीनी मिल की प्रेसमड जरूरत मंद किसानों को गन्ना बिकी पर्ची पर दिलाने तथा गन्ना समितियों की बेवसाइट सप्ताह में दो दिन खोले जाने के आदेश सुनिश्चित करने के लिए -- राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने उत्तर प्रदेश के गन्ना आयुक्त श्री प्रभु नारायण सिंह को ज्ञापन देकर बजाज चीनी मिलों से समय पर गन्ना भुगतान कराने की मांग की है। पटेल श्री कृष्ण वर्मा के खेत के निकट तेंदुआ होने से हड़कंप फोटो, खेत में बनकर्मियों के साथ खड़े पटेल श्री कृष्ण वर्मा गोल गोकर्णनाथ खीरी। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा के गन्ने के खेत में छिलाई के दौरान निकट के बाग से तेंदुए की गुर्राने की आवाज से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने ग्रामीणों से सचेत रहने के लिए कहा है। पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने बताया कि शनिवार की सुबह वह गांव मूडा जवाहर स्थित अपने गन्ने के खेत में छिलाई करवा रहे थे तो पास की घनी बाग में तेंदुए की गुर्राने की आवाज सुनाई दी जिस पर उन्होंने आग जलाकर वन विभाग मोहम्मदी के अधिकारियों को सूचना देकर गांव के लोगों को इकट्ठा किया ट्रैक्टर मंगाया ,पटाखे दगाए जिसकी आवाज से तेंदुआ भाग गया।पहुंचे बन दरोगा माया प्रकाश वर्मा ,वाचर सर्वेश कुमार रज बहादुर और मुख्तियार अली ने ग्रामीणों से सचेत रहकर ग्रुप बनाकर गन्ने की छिलाई करने का परामर्श दिया।

थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण

अभियुक्त राजवीर पुत्र श्रीकेशन को चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार

द अचीवर टाइम्स एस के सिंह

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 15.01.2024 को थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 20/24 धारा 379 भादवि की घटना का सफल अनावरण करते हुए टी0पी0आर0एस0 तिराहे के पास से अभियुक्त राजवीर पुत्र श्रीकेशन निवासी ग्राम खरिया घासी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को मय चोरी गयी मो0सा0 रजि0नं0 क्331क्4958 के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त उपरोक्त के पास से तलाशी के दौरान 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मोहम्मदी पर मु0अ0सं0 26/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

राजवीर पुत्र श्रीकेशन निवासी ग्राम खरिया घासी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी

बरामदगी:-

अभियुक्त के पास से चोरी की मोटर साइकिल रजि0नं0 क्331क्4958 बरामद की गयी व तलाशी के दौरान 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

पंजीकृत अभियोग:-

1. मु0अ0सं0 20/2024 धारा 379/411 भादवि
2. मु0अ0सं0 26/2024 धारा 3/25‚‚ष्ह थाना मोहम्मदी जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 बाबूराम कस्वा चौकी प्रभारी थाना मोहम्मदी खीरी
2. उ0नि0 रामचन्द्र यादव
3. हे0का0 शौलेन्द्र सिंह
4. का0 पुनीत राना
5. का0 अबुजर हुसैन

गौवध के आरोपी समेत दो आरोपियों को फरधान पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

फरधान। पुलिस ने गौवध मामले वारंटी और अवैध असलहा रखने वाले आरोपी समेत दो गिरफ्तार कर भेजा जेल। एसओ कौशल किशोर ने बताया थाना क्षेत्र के गांव परसेहरा बुजुर्ग निवासी मुस्तकीम पुत्र खलील अंसारी पर गौवध का मुकदमा दर्ज था। जिसके खिलाफ वारंट जारी होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही कैमहरा गांव निवासी राहिल उर्फ मोनू को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अवैध असलहा लेकर ग्रामीणों को दिखाकर रौब दिखाता था। शिकायत पर आरोपी गांव के बाहर ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया। नाजायज असलहा रखने के आरोप में मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। वहीं थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर निवासी सूरज उर्फ गौरव एवं इस्तियाक निवासी गनेशपुर को मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया है। फड़ से 52 ताश के पत्ते एवं एक हजार पांच सौ रुपए बरामद हुए है। दोनो आरोपियों पर जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

वैदिक परिवार ने दीं सवा लाख आहूतियां

संवाददाता

लखनऊ। सत्य सनातन वेद प्रचार न्यास के तत्वावधान में वैदिक परिवार लखनऊ द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मदर्स प्राइड स्कूल, जानकीपुरम् के विशाल प्रांगण में संक्रान्ति उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर 51 कुण्डीय यज्ञ वेदियों पर 1100 यजमानों ने बैठकर वैदिक मन्त्रों से सवा लाख आहूतियां दीं। हवन में गाय का घी और औषधीय हवन सामग्री का प्रयोग किया गया। यज्ञ के पश्चात वैदिक विद्वान आचार्य विश्वव्रत शास्त्री ने कहा कि इस वर्ष अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के मांगलिक अवसर पर हो रहे इस आयोजन में सभी अत्यंत उत्साहित हैं। आचार्य जी ने बताया कि भगवान राम के आदर्शों पर चलकर ही सम्पूर्ण संसार पुनः एक ईश्वर का उपासक बन सकता है। राम जन्मभूमि पर बन रहे स्मारक से प्रेरणा प्राप्त कर पुनः यहां राम

,भरत से भाई, सीता सी देवियां ,कौशल्या व सुमित्रा सी माताएं ,दशरथ जैसे पिता ,राम जैसे पुत्र, मुनिवर वशिष्ठ से कुलगुरु ,महामुनि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त्य जैसे शिक्षक, सुग्रीव जैसे मित्र और हनुमान जैसे सेवक होंगे। जिससे हमारा भारत फिर महान बन जगद्गुरु और विश्व सम्राट का गौरव प्राप्त कर सकेगा सारा संसार राम के आदर्शों की शीतल छाया में सुख शांति का अनुभव करेगा। लौकिक और पारलौकिक उन्नति के समन्वय रूप धर्म का पालन करेगा और फिर वैदिक सनातन धर्म का गौरव गान करेगा। सर्वमित्र शास्त्री ,कविता सहगल आचार्य प्रियंका शास्त्री व अनुराग शास्त्री ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। अध्यक्ष नवीन सहगल द्वारा संचालन व संरक्षक डॉक्टर सत्यकाम आर्य द्वारा आभार प्रकट किया गया। शांति पाठ के पश्चात् भंडारे का आयोजन हुआ।प्रमुख रूप से श्री अरविंद गुप्त ,संतोष त्रिपाठी, संजीव मिश्र, जयन्ती सिंह,देवेन्द्र स्वरूप गुप्त, प्रमिला श्रीवास्तव ,विनय कृष्ण पाण्डेय , अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, प्रीती वार्ष्णेय, रूपाली श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, रेनू शर्मा उपस्थित रहे।

जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय के लिए प्रस्तावित स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जनपद में प्रस्तावित जिला चिकित्सालय, 100 बेडेड महिला चिकित्सालय एवं ए.एन.एम. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल पुराना मलेरिया हास्पिटल तथा सीतापुर आंख अस्पताल का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सीएमओ डॉ. सिंह ने बताया कि ए.एन.एम. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था नामित हो गई है। प्रशिक्षण केन्द्र भवन के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा आगणन भेजा गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रस्तावित कार्य स्थल पर नियमानुसार निष्प्रयोज्य भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कर समतलीकरण का कार्य कराया जाय। डीएम ने इसी परिसर में स्थित ट्रामा सेन्टर का निरीक्षण कर सीएमओ को निर्देश दिया कि इसे पूरी क्षमता से संचालित कर जनोपयोग में लाया जाय।

1.50 करोड़ से दो धार्मिक स्थलों का होगा सौंदर्यीकरण

❖ कस्बे के प्रसिद्ध नर्मदा स्थित बाबा टेढेश्वर नाथ महादेव मंदिर और मां संकटा देवी मंदिर में 1.50 करोड़ से होंगे विकास कार्य ।

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

शाहाबाद, हरदोई। उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने शासन की मंशा और सनातन के जागरूक करने के लिए अपनी विधानसभा शाहाबाद के जनमानस की आस्था के प्रमुख तीर्थ स्थल सिद्ध पीठ मां संकटा देवी मंदिर और नर्मदा स्थित बाबा टेढेश्वर नाथ महादेव मंदिर के विकास कार्यों के लिए के 1.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस रकम से दोनों प्रमुख मंदिरों में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। नर्मदा स्थित बाबा टेढेश्वर नाथ महादेव और मां संकटा देवी मन्दिर क्षेत्र के लोगों के श्रद्धा का केंद्र है। मंदिर में विशेष पर्वों के साथ ही वर्षभर धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। वहीं, सावन के माह में बाबा टेढेश्वर नाथ महादेव महाराज के दरबार में क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए लोग आते हैं। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने बताया कि जल्द ही दोनों मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। दरअसल उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी धार्मिक स्थलों को बढ़ावा देने तथा ऐसे स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिये विभिन्न सुविधाएँ विकसित करने के लिये निरंतर कार्य कर रहीं हैं।

इस राशि से मंदिर प्रांगण में मार्बल टाइल्स, सोलर लाइट, मंदिरों में चारदीवारी निर्माण कार्य सहित विभिन्न विकास कार्य किये जाएंगे।

एक नज़र

अयोध्या में नव निर्मित श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत एसपी बहराइच द्वारा मय पुलिस व एसएसबी बल के साथ नानपारा में किया पैदल गस्त

संवाददाता

बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच श्रीमती वृन्दा शुक्ला के द्वारा जनपद अयोध्या में नव निर्मित श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद बहराइच की जनता मे सुरक्षा की भावना तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत संयुक्तरुप से मय आवश्यक पुलिस वह एसएसबी बल के साथ थाना कोतवाली नानपारा क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थानों/मार्गो/मार्केट में पैदल गश्त किया गया । पैदल गश्त के दौरान आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया व किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए उन्हें जागरूक किया गया तथा आमजनमानस से अपील की गयी घरों में अच्छी एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरा लगाए जिससे की किसी भी अप्रिय घटना न घटित होने पाये किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों तथा संदिग्धों के बारे में जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने हेतु जनमानस से अपील की गई।

हिस्ट्रीशीटरों की थानें में कराई गई परेड, अपराध न करने की ली शपथ

संवाददाता

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाल राजदेव मिश्रा ने क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की थाने पर उपस्थिति दर्ज कराई। उन्हें अपराध से दूर रहने की हिदायत दी। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में सोमवार को कोतवाली शाहाबाद क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटर को थाने पर बुलाया गया। कोतवाल राजदेव मिश्रा ने सभी हिस्ट्रीशीटरों को अपराध से दूर रहने की नसीहत देते हुए उन्हें सुधरने की बात कही। प्रत्येक महीने की एक निश्चित तारीख को थाने पर हाजिरी लगाने के लिए भी निर्देशित किया है। इससे पुलिस उनकी सही तरीके से निगरानी कर सकेगी।

मकर संक्रांति पर डीएम ने कुष्ट रोगियों को भेंट किया फल, कम्बल व जूते

संवाददाता

बहराइच। मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर अत्यधिक ठण्ड व शीतलहरी से निराश्रित, असहाय, गरीब एवं कुष्ठ रोगियों को राहत पहुॅचाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह व कुष्ठ चिकित्साधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार अभय राज पाण्डेय व अन्य के साथ गुल्लाबीर स्थित कुष्ठ आश्रम का भ्रमण कर कुष्ठ रोगियों को कम्बल, फल, एमसीआर जूते का वितरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कुष्ठ रोगियों का कुशल क्षेम पूछा तथा कुष्ठ रोगियों तथा उनके परिजनों के लिए आश्रम में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग मूलभूत सुविधाओं का विकास कराये जाने की बात कही।

अनुरक्षण कार्य के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

संवाददाता

बहराइच। उप खण्ड अधिकारी विद्युत विजय कुमार ने बताया कि 33/11 केबी विद्युत उपकेन्द्र सिविल लाइन से पोषित 11 केबी फीडर सिविल लाइन पर पावर ट्रांसफार्मर का केबिल चेंज कराया जाना है जिसके फलस्वरूप 11 केबी सिविल लाइन फीडर 16 जनवरी 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से 02 बजे तक बन्द रहेगा। एसडीओ श्री कुमार ने बताया कि इस दौरान पंचवटी, माधवरेती, बीआईपी, फायर स्टेशन, नवोदय, दीवानी, टेलीफोन आदि क्षेत्र विद्युत आपूर्ति से प्रभावित होगें।

150वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

संवाददाता

बहराइच। भारत मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर मौसम कार्यालय बहराइच में आयोजित स्थापना दिवस को सम्बोधित करते हुए मौसम वैज्ञानिक इकरामुलहक द्वारा अवगत कराया गया है कि मौसम विभाग की नवीनतम जानकारी हेतु विभाग द्वारा पूर्व से संचालित मौसम, मेघदूत एवं दामिनी मोबाइल ऐप को एकीकृत कर एक नया सुपर ऐप लाँच किया जाएगा। जिसके लिए विभाग द्वारा नया स्लोगन ''हर हर मौसम हर घर मौसम'' तैयार किया गया है। इस मोबाइल ऐप के जरिये मौसम विभाग की पहुँच हर घर तक हो जाएगी। इस ऐप के माध्यम से देश के हर हिस्से में मौजूदा मौसम का पूर्वानुमान तुरन्त प्राप्त हो जाएगा।

आबकारी दुकानों की बन्दी के सम्बन्ध में आदेश जारी

22 जनवरी 2024 को बन्द रहेंगी आबकारी दुकानें

द अचीवर टाइम्स

बहराइच। अयोध्या में प्रस्तावित भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उ.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद की समस्त देशी शराब/बिदेशी मदिरा/वियर/माण्डल शाप/भांग की फुटकर बिकी की दुकानें एवं समस्त सी.एल.-2(देशी शराब के थोक बिकी का अनुज्ञापन) एवं एफ.एल.-2/एफ.एल.-2वी बिदेशी मदिरा एवं वियर की थोक बिकी का अनुज्ञापन) को 22 जनवरी 2024 को पूर्णतया बन्द रखे जाने के निर्देश दिये हैं। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

श्री राम का चरित्र हम सभी के लिए अनुकरणीय है: आदि तिवारी

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

शाहाबाद,हरदोई। मकर संक्रांति पर्व पर प्रदेश सरकार में उच्चशिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी के सुपुत्र आदि तिवारी ने सोमवार को शाहाबाद के रामजानकी मंदिर पहुंचकर श्री राम चरित मानस का पाठ किया। इस अवसर पर आदि तिवारी ने कहा कि कि प्रभु श्री राम का चरित्र हम सबके लिए प्रेरणादाई है। इससे मन मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके बाद उन्होंने रामवाटिका में कन्याओं को खिचड़ी भोज कराया। खिचड़ी भोज कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिन को देवताओं का दिन माना जाता है। इस दिन सूर्य देवता एवं शनि देवता के कारण खिचड़ी भोज कराने और दान करने की परंपरा चली आ रही है। इस दिन खिचड़ी भोज करना लाभकारी होता है। इस दौरान नगर के पिंटू पाण्डेय,सुभाष रस्तोगी,अंकित गुप्ता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूपी की 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी एआईएमआईएमः इमरान बंटी

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के 20 सीटो पर चुनाव लड़ने का एलान एआईएमआईएम ने किया है। शीर्ष नेतृत्व के द्वारा जौनपुर की दोनो लोकसभा सीट पर तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। यह बाते एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इमरान बंटी ने मछलीशहर कैम्प कार्यालय पर मछलीशहर व मुंगराबादशाहपुर विधानसभा की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में विशाल जनसभा कर चुनाव का आगाज किया जाएगा।25 जनवरी से समस्त इकाई के पदाधिकारी पार्टी कार्यकर्ता जन संपर्क करते हुए सदस्यता अभियान चलाएंगे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से आम कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद स्थापित करने का निर्देश दिया। जिला सचिव बबलु राइन व जिला संयुक्त सचिव डाक्टर मकसूद ने संयुक्त रूप से कहा कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जनपद की दोनो सीट पर मजबूत विकल्प साबित होगी। बैठक में मुख्य रूप से जिला संयुक्त सचिव मोहम्मद अकरम, सुनील सरोज, जिला कार्यकरिणी सदस्य /सभासद फराज सिद्दीकी, मुंगराबादशाहपुर विधानसभा अध्यक्ष शाह आलम, मछलीशहर नगर अध्यक्ष तौसीफ अंसारी,वीरेंद्र कुमार पाल,अमर बहादुर पटेल, शाहिद अंसारी, मिर्जा शानू,अकरम अली अंसारी, एकरामुल हक, सोनू, शम्स तबरेज सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला/शिविर का आयोजन

संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। आज दिनांक 15/01/2024 को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी लखीमपुर डा सोमदेव सिंह चौहान के दिशानिर्देश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला/शिविर का आयोजन ग्राम सभा बेल विकास खंड लखीमपुर में किया गया। मेले में 125 पशुपालकों के 395पशुओं का परीक्षण कर समुचित इलाज किया गया।मेले का उदघाटन भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री श्री मंजीत कश्यप द्वारा गौपूजन एवं पंडित दीन दयालजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।मेले में पशुपालकों को पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी डा प्रदीप कुमार द्वारा विस्तार से दी गई।डा हेमंत नौटियाल द्वारा पशुओं को बांझपन से बचाव,कृत्रिम गर्भाधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया।डॉ राकेश वर्मा द्वारा हरा चारा, कृमिनासक दवा का महत्व बताया गया। मेला को सकुसल संपन्न कराने में श्री रूपचंद्र , श्री एस पी सिंह,श्री गिरीश वर्मा श्री मनोज शर्मा,श्री मो नईम ने अपना बहुमूल्य योगदान किया।अंत में पशु चिकित्सा अधिकारी डा राकेश वर्मा ने ग्राम वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जनपद के लिए आवंटित हुआ 330 सोलर पम्प का लक्ष्य

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में जनपद बहराइच में विभिन्न क्षमता के 330 सोलर पम्पों की स्थापना कृषकों के प्रक्षेत्र पर कराये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनान्तर्गत सोलर पम्पों की स्थापना पर कृषकों को 60 प्रतिशत अनुदान देय है। श्री शाही ने बताया कि विभागीय वेबसाइट यूपीएग्रीकल्चर डाट कॉम पर 20 जनवरी 2024 से पूर्व टोकन की ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। डी.डी. एग्री श्री शाही ने बताया कि 02 एच.पी.ए.सी. व डी.सी. सरफेस पम्प का मूल्य रू. 1,71,716=00 व सबमर्सिबल पम्प का मूल्य रू. 1,74,073=00 तथा डी.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 1,74,541=00, 3 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 2,30,445=00 व डी.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 2,32,721=00, 5 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 3,27,498=00, 7.5 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 4,44,094=00 एवं 10 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प के मूल्य रू. 5,57,620=00 के सापेक्ष 60 प्रतिशत अनुदान देय होगा। शेष धनराशि कृषक अंश होगा। श्री शाही ने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर योजना के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।श्री शाही ने बताया कि 02 एच.पी.ए.सी. सरफेस पम्प के लिए 42, सबमर्सिबल पम्प 08, डी.सी. सरफेस पम्प 20 व सबमर्सिबल पम्प 05, 3 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प 80 व डी.सी. सबमर्सिबल पम्प 50, 5 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प 75, 7.5 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल 40 तथा 10 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प हेतु 10 कुल 330 का लक्ष्य आवंटित हुआ है। श्री शाही ने बताया कि 02 से 05 हार्सपावर हेतु बोरिंग 06 इंच तथा 7.5 व 10 हार्सपावर हेतु 08 इंच बोरिंग की आवश्यकता होगी। ऑनलाइन टोकन जनरेट करते समय कृषक को रू. 5000=00 टोकन मनी के रूप में जमा करनी होगी।

30 मंदिरों में आज से शुरू होंगे भजन-कीर्तन

बाराबंकी। अयोध्या में होने वाली भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों में भजन, कीर्तन, सुंदरकांड और रामायण का पाठ कराने के निर्देश शासन स्तर से जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इसको लेकर सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। डीएम ने बताया कि वैसे तो जिले के 800 मंदिरों में भजन-कीर्तन आदि के कार्यक्रम होंगे, परंतु जिले के 30 मंदिरों पर मंगलवार से 22 जनवरी तक यह कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। इसके लिए इन मंदिरों पर कार्यक्रम कराने के लिए 50-50 हजार रुपये की राशि भी अवमुक्त कर दी गई है। डीएम ने बताया कि इन मंदिरों पर कार्यक्रम कराने का जिम्मा बीडीओ, नगर पंचायत के ईओ को सौंपा गया। कार्यक्रम की निगरानी के लिए एडीएम अरुण कुमार सिंह को नोडल और पीडी मनीष कुमार को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन पर्व के निमित्त भव्य शोभायात्रा रही आकर्षण का केंद्र

❖ महाराज की कृपा के सजे हम हैं शबदों से निहाल हुई संगत

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

बहराइच। दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के निमित्त ऐतिहासिक नगर कीर्तन जिसमें आकर्षक का केंद्र रूस, स्कॉटलैंड सहित कई देशों में अपना करतब दिखाने वाले इंटरनेशनल निशाने खालसा के धरम सिंह का ग्रुप और भारत में सबसे छोटी उम्र 3 साल में रिकार्ड दर्ज कराने वाले रफ्तार सिंह रहे,पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव सिसोदिया, दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र मिश्रा भी 3 साल के रफ्तार सिंह को देख दंग रह गए और इनाम दिया। पंजाब का पाइप बैंड हुस्न पंजाब दा राजवीर सिंह ग्रुप आकर्षण का केंद्र रहा। गुरद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने बताया की दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन पर्व के निमित्त भव्य शोभायात्रा फूलों से सजी अलौकिक पालकी में श्री गुरुग्रंथ साहब जी की अगवानी में पांच प्यारों के साथ पीपल चौराहा से घंटाघर,छावनी,अग्रसेन चौक, डिगिहा तिराहा, गुरुनानक चौक, छोटी बाजार, घंटाघर होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पीपल चौराहा पहुंची जिसमें गौरा,धनौली, डीहवा, मटेरा, हीरा सिंह पुरवा, पयागपुर,फखरपुर की संगत भी शामिल हुई। हजूरी रागी भाई फतेह सिंह जी ने शब्द कीर्तन करते हुए व हेड ग्रंथी जानी विक्रम सिंह जी ने गुरुद्वारे पहुंचकर अरदास की। छोटे-छोटे बच्चों ने केसरिया दस्तार सजा के बोले सो निहाल के जयकारे लगाए। नगर कीर्तन में जगह जगह पर सामाजिक संस्थानों और सिखों की तरफ से चाय नाश्ते का स्टॉल लगाया गया। शोभा यात्रा के समापन के बाद गुरु का अटूट लंगर चला। इस उपलक्ष में संरक्षक मनजीत सिंह शंपी, जगनंदन सिंह, महामंत्री भूपेंद्र सिंह वालिया, जगजीत सिंह,उपाध्यक्ष परमजीत सिंह,देवेंद्र सिंह बेदी,आत्मजीत सिंह, मीडिया प्रभारी परविंदर सिंह सम्मी, जसपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, डा. बलमीत कौर, अर्शदीप सिंह,गुरमीत सिंह मिंटू, जिक्की सिंह,अमरजीत सिंह, बाबा अजीत सिंह, पवनप्रीत सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, जोरावर सिंह, राजेंद्र कौर, बलजीत कौर, ओंकार सिंह,मीनू कौर, गुरबख्श कौर ,गुरजीत कौर,रामेंद्र कौर,हरजीत कौर,शामिल हुए। इन्हीं की कृपा के सजे हम हैं ÷ शबदों से निहाल हुई संगत। रूस स्कॉटलैंड सहित कई देशों में करतब दिखाने वाले इंटरनेशनल धर्म निशाने खालसा ग्रुप के शौर्य युद्ध कौशल देख हतप्रभ लोग। हुस्न पंजाब पाइप बैंड,केसरी दस्तारों में सजे सिख बच्चे रहे आकर्षक का केंद्र। 3 साल के शूरमा रफ्तार सिंह को देख दंग रहे लोग। पुलिस महकमे में भी रफ्तार सिंह की धूम।





जल जीवन मिशन के घटक हर घर नल योजना में जनपद को मिला तृतीय स्थान

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

बहराइच। मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की शीर्ष प्राथमिकता अन्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी के प्रयास से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच को 25 से 50 प्रतिशत की श्रेणी में देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

यह जानकारी देते हुए अधि.अभि. जल निगम ने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक 5 लाख 53 हज़ार 670 गृह स्वामियों को हर घर नल योजना के तहत कनेक्शन निर्गत करते हुए 4 लाख 45 हज़ार 814 गृह स्वामियों को जलापूर्ति करायी जा रही है। अधि.अभि. जल निगम ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. के कुशल मार्गदर्शन में मार्च 2024 तक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जल निगम व जल जीवन मिशन अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों एव कर्मचारियों द्वारा भ्रसक प्रयास किया जा रहा है।

अधर में लटकी सेब की अतिसघन बागवानी योजना

संवाददाता

उत्तरकाशी। जिले में सेब की अतिसघन बागवानी योजना अधर में लटक गई है। बिना पौधा लिए ही किसानों को उद्यान विभाग से हर दिन निराश लौटना पड़ रहा है। जिले के 586 किसानों को सेब के पौधों के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है, लेकिन तब तक पौध लगाने के लिए मौसम अनुकूल नहीं रहेगा। सरकार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्यान, कृषि और बागवानी करने के सपने दिखा रही है। बागवानी योजना को प्रोत्साहन देने के लिए जिले में सेब की अतिसघन बागवानी योजना भी शुरू की गई है, लेकिन जिले में योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। स्थिति यह है कि किसानों को अपने उद्यान में लगाने के लिए सेब के पौधे तक नहीं मिल पा रहे हैं। जिले में प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार मीट्रिक टन सेब का उत्पादन होता है। गंगा घाटी क्षेत्र में सबसे अधिक 30 हजार और यमुना घाटी क्षेत्र में 20 हजार मीट्रिक टन सेब का उत्पादन होता है। हर्षिल का सेब को लोग खूब पसंद करते हैं। सेब की अतिसघन बागवानी योजना के तहत उद्यान विभाग ने काश्तकारों से दिसंबर में आवेदन मांगे थे। अलग-अलग क्षेत्र के 586 किसानों ने पौधे लेने के लिए उद्यान विभाग में आवेदन किया। योजना के तहत उद्यान विभाग से सेब के पौधा लेने के लिए 60 प्रतिशत अनुदान सरकार की ओर से देने की व्यवस्था है। 40 प्रतिशत की धनराशि किसान को खर्च करनी थी, लेकिन बजट के अभाव में सेब की अतिसघन बागवानी योजना फिलहाल अधर में लटक गई है।

हर्षिल के किसान संजय पंवार, वीरेंद्र चौहान ने बताया कि सेब के पौधों का रोपण दिसंबर से फरवरी में किया जाता है। इस मौसम में सेब के पौधे की ग्रोथ बेहतर होती है, लेकिन उद्यान विभाग से सेब के पौधे नहीं मिल पा रहे हैं। सेब के पौधों के लिए किसानों से जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उसके अनुसार शासन को 11.41 करोड़ बजट की डिमांड भेजी गई है। बजट की उपलब्धता पर ही किसानों को पौधों का वितरण शुरू किया जाएगा।

हंसी-मजाक में लड़की को लेकर विवाद

चार लोगों ने डंडों से पीटकर ले ली युवक की जान, दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

सागर। हंसी मजाक दौरान एक लड़की के मामले की चर्चा आने पर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। मामले में पुलिस ने चार लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हंसी मजाक के दौरान विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि चार लोगों ने मिलकर एक युवक की लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने चार लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं दो आरोपियों की तलाश जारी है। दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति घायल होने पर नरसिंहपुर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेगुवां (तोड़का) की है। 12 जनवरी की शाम को करीब 6-30 बजे गांव में ही हंसी मजाक दौरान एक लड़की के मामले की चर्चा आने पर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि हाकम सिंह लोधी, छतर सिंह लोधी एवं अन्य दो लोगों ने मिलकर लाठी डंडों से दशरथ उर्फ छोटू पिता घनश्याम लोधी उम्र 20 साल के साथ जमकर मारपीट कर दी। बीच बचाव में आए उनके पिता घनश्याम और देवराज की भी पिटाई कर दी। मारपीट में दशरथ उर्फ छोटू लोधी लाठी डंडों की मार से लहूलुहान हो गया, जिसे गंभीर हालत में परिजन तेंदूखेड़ा अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल नरसिंहपुर ले जाया गया। वहां रात्रि में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरा घायल देवराज लोधी नरसिंहपुर के अस्पताल में भर्ती है।

जोशीमठ-मलारी हाईवे पर नया पुल तैयार, 19 को रक्षा मंत्री कर सकते हैं उद्घाटन

एजेंसी

चमोली। जोशीमठ मलारी हाईवे पर जोशीमठ से 13 किमी आगे ढाक गदेरे पर अभी तक सिंगल लेन पुल से आवाजाही होती थी। पुल पुराना होने के साथ ही जर्जर हालत में पहुंच गया था। उत्तराखंड के चमोली जिले में भारत चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशीमठ-मलारी हाईवे पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने ढाक नाले में स्टील गार्डर पुल तैयार कर दिया है। पुल शुरू होने पर सीमांत क्षेत्र के ग्रामीणों सहित सेना और आईटीबीपी के जवानों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। पुल का उद्घाटन 19 जनवरी को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ओर से किया जाना प्रस्तावित है। इन दिनों सेना व प्रशासन की ओर से इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। जोशीमठ मलारी हाईवे पर जोशीमठ से 13 किमी आगे ढाक गदेरे पर अभी तक सिंगल लेन पुल से आवाजाही होती थी। पुल पुराना होने के साथ ही जर्जर हालत में पहुंच गया था। सेना, आईटीबीपी के साथ सीमांत क्षेत्र के ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित न हो इसके लिए बीआरओ ने ढाक नाले पर 93 मीटर स्पान का स्टील गार्डर पुल बना दिया है। इससे सीमा की अग्रिम चौकी नीती पास, रिमखिम सहित अन्य जगह पर आवाजाही सुगम हो जाएगी।

19 जनवरी को होगा उद्घाटन

पुल का उद्घाटन 19 जनवरी को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ओर से किया जाना प्रस्तावित है। इन दिनों जोशीमठ से ढाक तक सड़क दुरुस्त करने व गड्ढों को भरने का काम तेजी से किया जा रहा है। वहीं बीआरओ के अधिकारी ने बताया कि पुल का निर्माण दिसंबर 2018 में शुरू हुआ। 17.80 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण हुआ है।

एक नज़र

वीकेंड पर मनाली में उमड़े पर्यटक

एजेंसी

मनाली (कुल्लू)। क्रिसमस और नववर्ष के जश्न के लिए भीड़ उमड़ने के बाद से पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। वीकेंड में रौनक बरकरार है। इस वीकेंड में मनाली में पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। पिछले तीन दिन में मनाली में 15,000 से अधिक पर्यटक पहुंचे हैं। हिमाचल के विभिन्न जिलों से भी पर्यटक मनाली का रुख कर रहे हैं। बर्फबारी होने के बाद पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों को लें तो पिछले तीन दिन में मनाली में बाहरी राज्यों से लगभग 3,000 वाहन पहुंचे। इसके अलावा 50 से अधिक वोल्वो बसों में भी पर्यटकों ने मनाली का रुख किया। अटल टनल रोहतांग की ओर जाने वाले वाहनों की संख्या भी हजारों में हैं। रोजाना लगभग आठ हजार वाहन अटल टनल के आरपार हो रहे हैं। शनिवार को भी अटल टनल होकर हजारों पर्यटक कोकसर पहुंचे। इस वजह से सुबह के समय मनाली-लेह मार्ग पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। वाहनों की जगह-जगह लंबी लाइन देखने को मिली। होटलियर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर का कहना है कि पर्यटकों की संख्या वीकेंड में बढ़ रही है। बर्फबारी होने के बाद पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है। एसोसिएशन की चीफ पेटर्न गजेंद्र ठाकुर का कहना है कि मनाली को बर्फबारी के इंतजार है। हालांकि वीकेंड में अच्छी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं लेकिन बर्फबारी होने पर पर्यटकों की संख्या बढ़ जाएगी।

सर्दी के चलते डीएम का आदेश, 20 जनवरी तक बंद रहेंगे 5वीं तक के सभी स्कूल, 12वीं तक के छात्रों को भी राहत



आगरा। जिलाधिकारी भानूचंद्र गोस्वामी ने ठंड अधिक होने के चलते 20 जनवरी तक यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड समेत अन्य बोर्ड के 5वीं कक्षा तक के विद्यालय बंद रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही 12वीं तक के छात्रों को भी बड़ी राहत दी है। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में शीत लहर और ठंड का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। शीत लहर के कारण जिलाधिकारी ने एक बार फिर स्कूलों का अवकाश बढ़ाया है। कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए 20 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। कक्षा 6 से 12 के विद्यालय 16 जनवरी से खुलेंगे। इन विद्यालयों का समय बदला गया है। कक्षा 6-12 तक के विद्यालय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3-30 बजे तक संचालित किए जाएंगे। जनवरी की शुरुआत से ही आगरा भीषण ठंड की चपेट में है। भीषण ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी ने कक्षा 5 तक के विद्यालयों का अवकाश 20 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। 21 जनवरी को रविवार और 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते सार्वजनिक अवकाश रहेगा। लिहाजा कक्षा 5 तक के विद्यार्थी सीधे 23 जनवरी को ही स्कूल जाएंगे। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को 15 जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश मिलेगा। ये छात्र 16 जनवरी से स्कूल जाएंगे बृहस्पतिवार को मौसम की सबसे सर्द रात रही। न्यूनतम तापमान निम्नतम स्तर 3.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 0.8 डिग्री की और गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक अभी सर्द रातें और शीतलहर सताएंगी। ऐसी सर्दी को देखते हुए जिलाधिकारी ने 20 जनवरी तक यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड समेत अन्य बोर्ड के 5वीं कक्षा तक के विद्यालय बंद रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही 12वीं तक के छात्रों को भी बड़ी राहत दी है। जिलाधिकारी ने भानूचंद्र गोस्वामी पहले से पांचवी तक के सभी स्कूलों का अवकाश 20 जनवरी तक बढ़ा दिया है। 15 जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश होने के कारण 12वीं तक के विद्यालयों का अवकाश रहेगा। इसके बाद 12वीं तक की छात्रों को राहत देते हुए 16 जनवरी से कक्षा 6 और इससे ऊपर के विद्यालय दोपहर 11-00 से 3-30 तक संचालित किए जाने के निर्देश दिए हैं। बता दें जनवरी में सर्दी ने नए रिकॉर्ड कायम किए हैं। दिसंबर के अंतिम सप्ताह से ठंड का आगाज हुआ और नए साल पर जनवरी माह में सर्द मौसम ने लोगों को कंपकंपी छुड़ा दी। न्यूनतम के साथ अधिकतम तापमान भी न्यूनतम स्तर तक पहुंचा। बुधवार रात के 4.7 डिग्री के न्यूनतम तापमान के बाद बृहस्पतिवार रात को गत रात का रिकॉर्ड भी टूट गया। न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री रह गया। इससे पहले 2 जनवरी को न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री के निचले स्तर पर पहुंचा था। रजाई के अंदर भी लोग सर्दी महसूस कर रहे थे। फुटपाथ पर रात गुजारने वालों ने अलाव का सहारा लिया तो घरों में ब्लोअर और रूम हीटर ने कमरे के तापमान को सामान्य करने में मदद की।

विधायक देवेंद्र भुट्टो ने किया शिलान्यास, 2.20 करोड़ रुपये से बनेगी खड़ोल-तलमेहड़ा सड़क

कुटलैहड़ क्षेत्र के तहत खड़ोल-तलमेहड़ा सड़क का विधायक देवेंद्र भुट्टो भूमि भूजन करने के बाद का

एजेंसी

बंगाणा (ऊना)। कुटलैहड़ की ग्राम पंचायत करमाली के गांव खड़ोल से रौंनखर तलमेहड़ा सड़क का निर्माण के लिए शनिवार को लोहड़ी पर्व पर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि करीब पांच किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण पर 2.20 करोड़ रुपये खर्च होंगे और एक साल में सड़क तैयार कर जनता को समर्पित की जाएगी। इससे पहले विधायक का खड़ोल पहुंचने पर लोगों ने स्वागत किया। जानकारी के अनुसार वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री रोजगार सड़क योजना के तहत बंगाणा से अरलू से खड़ोल तक सड़क निर्माण हुआ था। इसके बाद इसे तलमेहड़ा के साथ मिलाने की मांग उठने लगी, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई। अब सड़क के लिए 2.20 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान हुआ है। विधायक भुट्टो ने एक वर्ष के भीतर सड़क का निर्माण कार्य पूरा करके जनता को समर्पित करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान करमाली, अरलु खरयालता, डीहर, टकोली, सोहारी, चौली, चराड़ा आदि पंचायत के प्रतिनिधियों ने विधायक देवेंद्र भुट्टो को सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि हमने जनता के साथ चुनावी समय में जो वादा किया था। वह आज पूरा किया है। इस सड़क के निर्माण से चिंतपूर्णी और कुटलैहड़ विस क्षेत्र में दूरी कम होगी। करमाली, अरलू, जसाना, हटली आदि दर्जनों पंचायतों के हजारों परिवारों को इस सड़क का सीधा लाभ मिलेगा।

महिलाओं को दिए पांच-पांच हजार रुपये

कुटलैहड़ वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से विधायक भुट्टो ने मुच्छाली जिला पार्षद वार्ड की 80 विधवाओं एवं गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को पांच-पांच हजार की नकद राशि प्रदान की। इस मौके पर राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश संयोजक सुरिंद्र ठाकुर, कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, महासचिव प्रवीण शर्मा, पूर्व प्रधान सुदर्शन शर्मा, अजय शर्मा, रेंज ऑफिसर अंकुश, डिप्टी रेंजर बाल किशन शर्मा, ठाकुर किशोरी, प्रधान महिंद्र राणा, उपप्रधान अरुण मनकोटिया के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

देवधार मंडल सोयली ने रॉयल राजपूत डाडल को हराया

- अर्की में सुभाष नेहरु युवक मंडल डाडल की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान।
- एटीटीओयू दाड़लाघाट के प्रधान ने किया शुभारंभ।
- क्षेत्र समेत अन्य जगहों से 22 टीमें ले रही हैं क्रिकेट में भाग।

एजेंसी

अर्की(सोलन)। उपमंडल के डाडल (भूमती) में सुभाष नेहरु युवक मंडल डाडल की ओर से शहीद लायक राम मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता हुई, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में एटीटीओयू दाड़लाघाट के प्रधान ऋषिदेव रहे। उन्होंने एक बाल खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसमें क्षेत्र समेत अन्य जगहों से करीब 22 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का पहला मैच रॉयल राजपूत डाडल और देवधार युवक मंडल सोयली के बीच खेला गया। रॉयल राजपूत डाडल की टीम ने 12 ओवर के मैच में 72 रन बनाए। जिसका पीछा करते हुए देवधार मंडल सोयली ने आठ ओवर में मैच को अपने नाम कर लिया और पहला मैच जीत लिया। इस मौके पर युवक मंडल के मुख्य सलाहकार पंकज कुमार ने शहीद लायक राम की माता कौशल्या देवी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ऋषिदेव ने अपनी ओर से युवक मंडल डाडल को 10,000 रुपये की नकद राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इसी के साथ नशे से दूर रहना चाहिए। इस मौके पर जिला कांग्रेस महासचिव प्यारे लाल, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव कमलेश कुमार, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव, शशिकांत, कैलाश चंद, जयदेव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

युवा बोले, गेस्ट फेकल्टी भर्ती बेरोजगारों के साथ अन्याय

संवाददाता

रैहन (कांगड़ा)। प्रदेश सरकार की शिक्षा विभाग में प्रस्तावित शिक्षकों की गेस्ट फेकल्टी भर्ती प्रक्रिया से बेरोजगार युवाओं में रोष है। जेबीटी, बीएड प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं ने सरकार के फैसले पर निराशा जाहिर की है। प्रशिक्षित युवा विकास, अजय, विक्रांत, जितेंद्र, तरसेम, मीनाक्षी, रविंद्र, सरिता, आरती, विपिन, भारती, सूरज, प्रिया, अनीता, पुनीता, अखिल, आकाश, इंदु, किरण, मुनीष, दीपक, विजय, ओमप्रकाश, अरुण, अनिल, दीपाली आदि का कहना है कि एक तरफ सरकार रोजगार के वादे कर रही थी तो अब ऐसी नीतियों से युवाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लाखों खर्च करने के साथ ही कई सालों की मेहनत से डिग्रियां हासिल की हैं, लेकिन उनकी पक्की नौकरी पाने की उम्मीदें धूमिल हो रही हैं। सरकार ऐसे फैसले लेकर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। गेस्ट फेकल्टी भर्ती से न तो बेरोजगारों का भला होगा और न हीं बच्चों का। सरकार की किसी प्रकार से यह नीति तर्कसंगत नहीं है। मांग उठाई कि सरकार इस नीति को लागू न करे। पहले की तरह स्थायी प्रक्रिया से ही भर्तियां करवाई जाएं। अगर ऐसा प्रचलन शुरू हो जाता है तो शिक्षा क्षेत्र में रोजगार के साधन समाप्त होंगे और पढ़ाई पर भी विपरीत असर पड़ेगा।

नानकमत्ता में लोहड़ी मांगने निकला युवक हुआ सड़क हादसे का शिकार

कोहरे में शव के ऊपर से गुजरे कई वाहन

एजेंसी

देहरादून। लिस को 112 नंबर पर हाईवे पर पिपलिया पिस्तोर के समीप सड़क किनारे युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जाकर देखा तो दुर्घटना स्थल पर क्षत विक्षत मानव शरीर के अंग पड़े हुए थे। उत्तराखंड के नानकमत्ता में रविवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया। घर से लोहड़ी मांगने निकला युवक साथियों से बिछड़ कर हाईवे पर पहुंच गया। जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घने कोहरे के चलते हाईवे पर पड़े युवक के शव के ऊपर से अनेक वाहन गुजरते रहे। जिससे शव क्षत-विक्षत हो गया। मृतक मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। रविवार सुबह तड़के पुलिस को 112 नंबर पर हाईवे पर पिपलिया पिस्तोर के समीप सड़क किनारे युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। दरोगा अशोक कांडपाल व सिपाही अजीत कुमार ने मौके पर पहुंचे। दुर्घटना स्थल पर क्षत विक्षत मानव शरीर के अंग पड़े हुए थे। पुलिस ने आस- पास गांव के लोगों से युवक की शिनाख्त का प्रयास किया।

कपड़ों के आधार पर हुई शव की पहचान

सूचना मिलने पर खमरिया निवासी टीका सिंह ने मृतक कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान अपने पुत्र बबलू सिंह (22 के रूप में की। उन्होंने बताया पुलिस कि बबलू मानसिक रूप से कमजोर था। बीती शाम गांव के बच्चों के साथ घर से लोहड़ी मांगने निकला था।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। भाई की मौत की जानकारी मिलते ही बड़े भाई गज्जन सिंह व छोटे भाई कुलदीप सिंह का भी रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने इस मामले में पुलिस को तहरीर नहीं दी थी।

राममय हुई रघुनाथ की नगरी, श्रीराम को दिया जाएगा चांदी का चौउंर

एजेंसी

शिमला। चौउंर देवी-देवताओं का एक अहम निशान होता है और इसे पवित्र माना जाता है। जिला कुल्लू के साथ प्रदेश में सभी देवताओं के पास यह निशान जरूर होता है। इसके बिना देवी-देवताओं की पूजा व आरती अधूरी मानी जाती है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए रघुनाथ की नगरी भी राममय हो गई है। लोगों में प्रतिष्ठा को लेकर खासा उत्साह है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए भगवान रघुनाथ को भी निमंत्रण मिला है। भगवान रघुनाथ की ओर से मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह इसमें धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह रघुनाथ की ओर से चांदी का चौउंर भेंट करेंगे। चौउंर देवी-देवताओं की पूजा-पाठ व आरती के समय इस्तेमाल किया जाता है। चौउंर देवी-देवताओं का एक अहम निशान होता है और इसे पवित्र माना जाता है। जिला कुल्लू के साथ प्रदेश में सभी देवताओं के पास यह निशान जरूर होता है। इसके बिना देवी-देवताओं की पूजा व आरती अधूरी मानी जाती है। भगवान रघुनाथ के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने कहा कि राम मंदिर बनना देश के लिए सौभाग्य की बात है। उन्हें निमंत्रण मिला है और वह बहुत खुश हैं। कहा कि वह 18 जनवरी को कुल्लू से रवाना होंगे। रघुनाथ की ओर से चांदी का चौउंर भेंट किया जाएगा। बता दें कि भगवान रघुनाथ की मूर्ति को 1650 में अयोध्या से लाया गया है। इसी मूर्ति की वजह से कुल्लू का अयोध्या से 374 साल पुराना व अटूट रिश्ता जुड़ा है। क्या होता है चौउंरचौउंर याक (चुरू) की पूंछ के बालों का बना होता है। यह सफेद रंग का होता है और देवी-देवताओं की पूजा-पाठ व आरती के समय इसका प्रयोग किया जाता है। यह हर देवी देवता के पास रहता है। इससे सकारात्मक संदेश मिलता है और बुराइयों को भगाया जाता है।

एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

एजेंसी

ऊना। उपमंडल बंगाणा के दोबड़ गांव की गर्भवती महिला ने अस्पताल ले जाते वक्त 108 एंबुलेंस में बच्चे को जन्म दिया है। 108 एंबुलेंस में तैनात ईएमटी और चालक ने महिला का सुरक्षित प्रसव करवाया है। इसके बाद जच्चा-बच्चा दोनों को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में चिकित्सीय टीम की देखरेख के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर 12-30 बजे दोबड़ गांव के एक परिवार ने 108 एंबुलेंस सुविधा के लिए फोन किया। फोन पर बताया कि गर्भवती राजिया को प्रसव पीड़ा हो रही है और हालत गंभीर है। उसे तत्काल अस्पताल ले जाने की जरूरत है। इस पर ईएमटी ममता रानी और चालक चमन लाल एंबुलेंस लेकर दोबड़ के लिए रवाना हुए और महिला को लेकर अस्पताल ले जाने लगे। इस दौरान रास्ते में महिला को प्रसव पीड़ा तेज हो गई। इस पर समझदारी दिखाते हुए ईएमटी ममता रानी ने उच्च अधिकारी और चिकित्सीय परामर्श से एंबुलेंस में ही महिला का सफल प्रसव करवाया। दोपहर 01-24 बजे महिला ने स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। बाद में जच्चा-बच्चा को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती कराया। 108 एंबुलेंस प्रभारी पंकज शर्मा ने बताया कि 108 एंबुलेंस का स्टाफ 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए कार्यरत है।

आप देश के लिए खेल रहे : ईशान किशन

मानसिक रूप से थके हुए ईशान किशन पर पूर्व पाकिस्तानी स्टार का तंज

संवाददाता

कराची। किशन को इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों के लिए भी भारत की टीम में जगह नहीं मिली। केएस भरत और युवा ध्रुव जुरेल विकेटकीपर के रूप में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा होंगे। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज कामरान अकमल ने मानसिक थकान का हवाला देते हुए खेल से ब्रेक लेने के फैसले को लेकर भारत के युवा खिलाड़ी ईशान किशन पर सवाल उठाए हैं। किशन ने दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए खुद को भारत की टीम से बाहर कर लिया था। विकेटकीपर-बल्लेबाज को तब अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज के लिए नजरअंदाज कर दिया गया था। इस मुद्दे पर बोलते हुए, भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि खिलाड़ी ने खुद को चयन के लिए उपलब्ध नहीं रखा और अब टीम में वापस आने के लिए किशन को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। ईशान को इंग्लैंड के खिलाफ नजरअंदाज किया गया

किशन को इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों के लिए भी भारत की टीम में जगह नहीं मिली। केएस भरत और युवा ध्रुव जुरेल विकेटकीपर के रूप में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा होंगे। अकमल ने अपने करियर में इतनी जल्दी ब्रेक लेने के लिए किशन की आलोचना की और कहा कि कैसे रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गजों को भी समान मानसिक थकान का सामना करना पड़ता है।

अकमल ने ईशान पर साधा निशाना



अकमल ने आगे कहा कि किशन का आराम लेने का निर्णय उनकी समझ से परे है। युवा खिलाड़ियों को अपने करियर में इतनी जल्दी ऐसी मांग नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, %आप खुद को आईपीएल के दो महीने के लिए बचा रहे हैं। भारतीय टीम में खेलना बड़ी बात है और यह बहाना मेरी समझ से परे है। मुझे लगता है कि चयन समिति ने ईशान किशन को इस टीम से दूर रखकर अच्छा काम किया है। उन्हें अभी आराम करने दीजिए और फिर घरेलू क्रिकेट खेलने दीजिए। यह खिलाड़ियों के लिए एक संदेश होना चाहिए कि वे मानसिक थकान के कारण जब चाहें आराम की मांग नहीं कर सकते। यह राष्ट्रीय कर्तव्य है। आप ऐसे ही आराम की मांग नहीं कर सकते। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ईशान किशन ने मानसिक थकान की वजह से खुद को दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट टीम से अलग कर लिया था और इसकी खूब चर्चा हो रही है। अपने करियर के इस शुरुआती चरण में आपको क्या मानसिक थकान हो सकती है? इस टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी हैं जो थकान से भी निपटते हैं। वे आईपीएल, अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं, जिसमें टेस्ट मैच भी शामिल हैं। इस कारण से खिलाड़ियों के ब्रेक लेने के बारे में कभी नहीं सुना।

मेष, मिथुन और धनु राशि वालों को मिल सकती है कोई अच्छी खबर

दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। इस राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल हैं या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक राशिफल को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति (अवसर और चुनौतियों) के लिए तैयार हो सकते हैं।

मेष राशिफल 2024
तुला राशिफल 2024
वृषभ राशिफल 2024
वृश्चिक राशिफल 2024
मिथुन राशिफल 2024
धनु राशिफल 2024
कर्क राशिफल 2024
मकर राशिफल 2024
सिंह राशिफल 2024
कुंभ राशिफल 2024
कन्या राशिफल 2024
मीन राशिफल 2024

आज का दिन कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। व्यक्तिगत मामले आपके पक्ष में रहेंगे। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। व्यवसाय में अच्छा लाभ मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप व्यक्तिगत मामलों में आगे बढ़ेंगे। आप अपने किसी काम से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जो आपके लिए समस्या लेकर आ सकता है। कार्यक्षेत्र में आप अपने अच्छे सोच का लाभ उठाएंगे।

आज का दिन आपके लिए जल्दबाजी में किसी काम को करने से बचने के लिए रहेगा। पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको जीत मिल सकती है। आप अपनी जिम्मेदारियों पर खरे उतरेंगे और शासन प्रशासन के मामलों में आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। आपकी विविध विषयों के प्रति रुचि रहेगी। जल्दबाजी में यदि आपने किसी डील को फाइनल किया, तो वह आपके लिए नुकसानदायक रहेगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की पद प्रतिष्ठा बढ़ने से उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामों की सूची बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। व्यापार में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे और आपकी धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था बढ़ेगी। आप किसी काम की योजना बनाएंगे, तो आपके बेहतर रहेगा। आपकी सुख-सुविधाओं की वस्तुओं में बढ़ोतरी होने से आपके कुछ नए शत्रु भी उत्पन्न हो सकते हैं। आपको किसी काम के चलते अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान से यदि आपने कोई वादा किया है, तो आप उसे समय रहते पूरा करें, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकती हैं।

आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में लापरवाही ना करें, नहीं तो उसे पूरा करने में समस्या हो सकती है। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। परिजनों की सीख व सलाह आपके खूब काम आएगी। आपको किसी बात को लेकर जिद और जल्दबाजी नहीं दिखानी है, नहीं तो समस्या आ सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं को लेकर अपने सीनियर से बातचीत करनी होगी। आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ से आगे बढ़ने के लिए रहेगा। दांपत्य जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा। आप अपनों के साथ कुछ सुखद भरे पल व्यतीत करेंगे। खानपान में आपको सात्विक भोजन लेना होगा ताकि आप पेट संबंधित समस्याओं से बच सके। नेतृत्व क्षमता को बल मिलेगा। व्यापार कर रहे लोगों के आर्थिक स्थिति काफी मजबूत होगी।

किसी नयी संपत्ति की खरीदारी करने का सपना आपका पूरा हो सकता है। आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह भी पूरा हो सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आज का दिन आपके लिए खर्च से भरा रहने वाला है और व्यापार में आपको मन मुताबिक लाभ मिल सकता है। सभी के साथ आपको तालमेल बनाकर चलना होगा और आप बिजनेस की किसी योजना में निवेश करने के लिए आप धन उधार ना लें और आप अपनी जिम्मेदारियां को समय रहते पूरा करें, नहीं तो लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आपने अपने रूटीन में यदि आपने बदलाव किया, तो वह आपके लिए कोई नई समस्या खड़ी कर सकता है।

आप अपनी सूझबूझ से सहजता से नौकरी में कामों को निपटाएंगे, तो आप किसी गलती के होने से बचा सकते हैं। आपको किसी विरोधी की चालों में आने से बचना होगा। आज का दिन आपके लिए कला कौशल में सुधार लेकर आएगा। आप अपनी बुद्धि व विवेक से काफी कुछ पा सकते हैं। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको आर्थिक मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है और नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर फोकस बनाए रखना होगा। आपको उम्मीद से ज्यादा धन मिलने से आपकी खुशी दोगनी होगी। आपको संस्कारों में परंपराओं पर पूरा ध्यान देना होगा, जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई सब सोचने और सुनने को मिल सकती है। आपकी अध्ययन और आध्यात्म के प्रति भी रुचि बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। व्यक्तिगत मामले आपके पक्ष में रहेंगे और आपकी सुख-समृद्धि बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको निजी जीवन में आपकी खूब रुचि बढ़ेगी और किसी मकान, दुकान आदि को खरीदने का सपना आपका पूरा हो सकता है। आपको किसी काम के चलते अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं के कारण कुछ असुविधा होंगी और उनका ध्यान पढ़ाई से भंग हो सकता है। कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है।

आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कोई आवश्यक सूचना सुनने को मिल सकती है, जिसे आप तुरंत आगे ना बढ़ाएं और आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग अपने कामों पर पूरा फोकस बनाएं रखना होगा। व्यवसाय में आपको कोई महत्वपूर्ण सूचना सुनने को मिल सकती है। आप अपने प्रयासों में सफल रहेंगे, जिससे आपका काफी काम आसानी से बन जाएंगे। मित्रों का आपको पूरा साथ मिलेगा। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन उसके लिए वह वरिष्ठ सदस्यों से मदद ले सकते हैं। आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी सुख-सुविधाओं के वस्तुओं पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। व्यवसाय में आप अपनी योजना को पकड़कर रखे और उनमें अच्छा धन लगाएं, जिससे भविष्य में आपको अच्छे प्राप्ति होगी। जीवनसाथी के लिए आप कुछ नए वस्त्र व आभूषण आदि लेकर आ सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोग कार्यक्षेत्र में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिससे उनके बॉस भी उनके कामों से प्रसन्न रहेंगे। आपको कोई पुरानी लेनदेन की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा में आ रही समस्याओं को लेकर अपने गुरुजनों से बातचीत करनी होगी। आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी साख सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेंगे और कुछ नए कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी, जिससे आप प्रसन्न रहेंगे। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपने यदि किसी से कोई वादा किया है, तो आप उसे समय रहते निभाएं। आपको संतान से किसी किए हुए वादे को पूरा करना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको व्यापार में कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आज का दिन आपके लिए खर्च से भरा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कुछ ठगी और सफेदपोश लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है और आप अपने सहयोगियों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे और रिश्तों को अहमियत देंगे, लेकिन आप किसी काम को धैर्य से करें, नहीं तो उसमें आपसे कोई गलती हो सकती है। यदि आप किसी काम को लेकर लेनदेन कर रहे हैं, तो उसमें अपनी बात लोगों के सामने स्पष्ट रखें और लिखापढ़ी करके करें, नहीं तो बाद में आपको झूठा साबित किया जा सकता है। विदेशो से व्यापार कर रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है।



स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार, सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।